# 1

# पाठ्यक्रम आधारित अधिगम उद्देश्य एवं उन्हें प्राप्त करने के चरण

**प्रस्तावना**

सतत एवं व्यापक आकलन की योजना के अन्तर्गत कक्षावार पाठ्यक्रम के अधिगम उद्देश्यों के सापेक्ष सीखने–सिखाने के चरणों को मुख्य रूप से दो भागों में बाँटा गया है। जिसमें से पहला भाग पाठ्यक्रम विभाजन की टर्म–1 व 2 के सोपक्ष है तथा दूसरा भाग पाठ्यक्रम विभाजन की टर्म–3 व 4 के सापेक्ष है। ऐसा इसलिए सोचा गया है कि एक कक्षा के पाठ्यक्रम को चार स्तरों पर सभी विषयों में यांत्रिक रूप से तोड़ पाना व्यावहारिक नहीं होगा। इसलिए दो भागों में विभाजन कक्षा की शुरूआत व आखिरी भाग के रूप में समझकर इसे व्यावहारिक बना सकते हैं। यह विचार व्यावहारिक रूप में सम्भव भी हो पाता है। शिक्षण व आकलन में समग्रता को समाहित करने के लिए पाठ्यक्रम का अधिक भागों में विभाजन अवरोध पैदा करता है।

**टर्म–1 एवं 2 के लिए**

| अधिगम क्षेत्र | अधिगम उद्देश्य/विषयवस्तु |
|---|---|
| **सुनकर समझना और समझकर बोलना** | • सुनी गयी कविता/कहानी का भाव अपने शब्दों में आत्मविश्वास के साथ कह सकें।<br>• समूह चर्चा के दौरान तर्क के साथ अपने विचार रख सकें एवं दूसरे की बात को सुनने की क्षमता का विकास कर सकें।<br>• विषयवस्तु से सम्बन्धित क्या, क्यों, कैसे वाले प्रश्न बना सकें एवं पूछने की क्षमता का विकास कर सकें।<br>• कहानी/कविता/परिवेशीय घटना से सम्बन्धित विभिन्न प्रकार के प्रश्नों को सुनकर पूर्ण वाक्य में उत्तर दे सकें व उनके भाव अपने शब्दों में आत्मविश्वास के साथ कह सकें। |
| **पढ़ना और पढ़कर समझना** | • पाठ्य सामग्री को धारा प्रवाह गति के साथ पढ़कर मुख्य विचार एवं नवीन शब्दावली को ग्रहण कर सकें।<br>• प्रश्नों को समझकर उनके उत्तर सटीक वाक्य संरचना के साथ व्यक्त कर सकें।<br>• जानकारी तथा मनोरंजन के लिए विविध प्रकार की पाठ्यसामग्री को पढ़ने की पहल कर सकें। |

| अधिगम क्षेत्र | अधिगम उद्देश्य/विषयवस्तु |
|---|---|
| | • विभिन्न परिवेशीय शब्दावली को पढ़कर संदर्भ से जोड़ते हुए अर्थ ग्रहण कर सकें।<br>• विविध प्रकार की वस्तुओं को बनाने की विधि, निर्देशों एवं सांकेतिक भाषा को पढ़कर समझ सकें एवं उपयोग कर सकें। |
| **लिखना** | • विषय के अनुसार विचारों एवं अनुभवों को अपने शब्दों में लिख सकें।<br>• संदर्भ के अनुसार क्या, क्यों, कौन, कैसे वाले प्रश्नों के उत्तर पूर्ण वाक्यों में व्यवस्थित लिख सकें।<br>• दृश्यात्मक चित्रों पर क्रमबद्धता के साथ कहानी का सृजन कर लिख सकें।<br>• विविध प्रकार की जानकारी प्राप्त करने हेतु प्रश्नावली तैयार कर सकें।<br>• मेले, त्योहार, नगर दर्शन, कहानी कथा संदेश को अपने शब्दों में लिख सकें।<br>• स्पष्टता के साथ विषय के अनुसार विचारों एवं अनुभवों को अपने शब्दों में लिख सकें।<br>• स्थानीय भाषा शब्दावली को मातृभाषा हिन्दी में रूपान्तरित कर सकें।<br>• अनुस्वार ( ं ), अनुनासिक ( ँ ) एवं ण वाले शब्दों को सही रूप में लिख सकें। |
| **व्याकरण** | • सर्वनाम, वचन, लिंग, विलोम एवं क्रिया शब्दों की समझ के साथ वाक्यों में प्रयोग कर सकें।<br>• शब्दों में उपसर्ग को पहचान सकें एवं स्वयं के स्तर पर प्रयोग कर सकें।<br>• विराम चिह्नों, योजक चिह्नों को पहचान सकें एवं उपयुक्त जगह पर सही चिह्न का प्रयोग कर सकें।<br>• 'र' के विभिन्न प्रयोगों को समझ सकें व लेखन में प्रयोग कर सकें।<br>• क्रिया एवं सर्वनाम की पहचान एवं समझ विकसित हो सकें।<br>• संयुक्ताक्षर वाले वर्णों पर समझ बन सकें।<br>• पर्यायवाची शब्द, विराम चिह्न का वाक्यों में प्रयोग कर सकें।<br>• अनुस्वार ( ं ) अनुनासिक ( ँ ) एवं ण वाले शब्दों का आवश्यकता अनुसार उचित स्थान पर उपयोग कर सकें। |
| **सृजनात्मक अभिव्यक्ति** | • विभिन्न प्रकार की वस्तुओं से विविध सामग्री बना सकें।<br>• कहानी के पात्रों का अभिनय कर सकें एवं संवाद बोल सकें।<br>• विविध सामग्रियों/जानकारियों का संकलन कर सकें। |
| **परिवेशीय सजगता** | • अपने परिवेश के प्रति सहज व सजग हो सकें।<br>• जल के व्यर्थ उपयोग को रोकने की पहल कर सकें।<br>• आसपास के जलाशयों की हालातों के बारे में कारण खोज सकें उनके व परिवेशीय घटनाओं के प्रति राय व्यक्त कर सकें। |

## टर्म–3 एवं 4 के लिए

| अधिगम क्षेत्र | अधिगम उद्देश्य/विषयवस्तु |
|---|---|
| **सुनकर समझना और समझकर बोलना** | • कविता, कहानी, आत्मकथा परिवेशीय घटनाओं को अपनी भाषा में उचित उतार–चढ़ाव के साथ एकल रूप में सुना सकें।<br>• विभिन्न प्रकार के प्रश्नों के जवाब आत्मविश्वास के साथ दे सकें।<br>• चर्चा के दौरान अपनी बात को तर्क के साथ स्पष्ट शब्दों में रख सकें।<br>• विविध प्रकार की जानकारियों को सुनने और जानने में रुचि दिखा सकें। |

| अधिगम क्षेत्र | अधिगम उद्देश्य / विषयवस्तु |
|---|---|
| | • विभिन्न विधाओं से संबंधित प्रश्नों के उत्तर मौखिक रूप से आत्मविश्वास के साथ दे सकें।<br>• चर्चा के दौरान अपनी बात को तर्क के साथ स्पष्ट शब्दों में रख सकें एवं दूसरों की बात को सुन सकें।<br>• हास्य विधा, चुटकुले सुनकर एवं सुनाकर आनन्द की प्राप्ति कर सकें।<br>• राज्य के वीर योद्धाओं की घटनाओं को रुचि से सुना सकें। |
| **पढ़ना और पढ़कर समझना** | • पाठ्य सामग्री को धारा प्रवाह गति के साथ पढ़कर मुख्य विचार एवं नवीन शब्दावली को ग्रहण कर सकें एवं परिवेशीय शब्दावली को पढ़कर संदर्भ से जोड़ते हुए अर्थ ग्रहण कर सकें।<br>• जानकारी तथा मनोरंजन के लिए विविध प्रकार की पाठ्यसामग्री को पढ़ने की पहल कर सकें।<br>• विभिन्न विधाओं के माध्यम से बहुभाषिक और बहुसांस्कृतिक संदर्भ से जुड़ सकें एवं नवीन जानकारी ले सकें।<br>• दृश्यात्मक चित्रों पर क्रमबद्धता के साथ चित्र कथा के संदेश को बता सकें।<br>• पढ़ी हुई सामग्री में से प्रश्न पूछ सकें। |
| **लिखना** | • उचित शब्दावली का प्रयोग करते हुए सुन्दर व स्पष्ट शब्दों में स्वयं की आत्मकथा एवं यात्रा का वर्णन लिख सकें।<br>• विविध प्रकार की जानकारी प्राप्त करने हेतु प्रश्नावली तैयार कर सकें।<br>• चित्र दृश्यों को देखकर क्रमबद्धता के साथ कहानी का सृजन कर सकें।<br>• कल्पनात्मक प्रश्नों के उत्तर स्वयं लिख सकें।<br>• उचित शब्दावली का प्रयोग करते हुए सुन्दर व स्पष्ट शब्दों में अपनी बात को लिखकर व्यक्त कर सकें।<br>• तुकबंदी और संवादों का लेखन कर सकें।<br>• परिवेश की घटनाओं पर लेखन कर सकें। |
| **व्याकरण** | • सर्वनाम शब्दों, विशेषणों, पर्यायवाची शब्दों समानार्थी शब्दों संधि शब्दों, प्रत्ययों का उचित अनुप्रयोग कर सकें।<br>• मुहावरों एवं प्रत्यय का इस्तेमाल समझ के साथ कर सकें।<br>• 'र' के विभिन्न रूपों का लेखन में उपयुक्त प्रयोग कर सकें।<br>• विराम चिह्नों एवं मुहावरों का इस्तेमाल समझ के साथ कर सकें।<br>• अर्द्ध वर्ण पर समझ बनाकर उचित अनुप्रयोग कर सकें। |
| **सृजनात्मक अभिव्यक्ति** | • अभिनय के माध्यम से अभिव्यक्ति दे सकें।<br>• विभिन्न पशु–पक्षियों, फसलों, बीजों, खेती मे प्रयुक्त संसाधनों के चित्रों का संग्रह कर सकें।<br>• स्वयं विभिन्न विषयवस्तु से संबंधित चित्र बनाकर उचित रंग संयोजन कर सकें।<br>• नाटक तैयार कर प्रस्तुत कर सकें। |
| **परिवेशीय सजगता** | • अपने परिवेश के प्रति सहज व सजग हो सकें। सामग्रियों के व्यर्थ उपयोग को रोकने की पहल कर सकें। आसपास की हालातों के बारे में कारण खोज सकें।<br>• परिवेशीय घटनाओं के प्रति राय व्यक्त कर सकें।<br>• राज्य पक्षी के संरक्षण में राय व्यक्त कर सकें। |

# 2

# योगात्मक आकलन टूल निर्माण ब्लूप्रिंट

**प्रस्तावना**

आकलन सीखने–सिखाने की प्रक्रिया का अभिन्न अंग है। इसका तात्पर्य यह हुआ कि आकलन के बगैर सीखना–सिखाना संभव नहीं है। अतः इसी विचारधारा के अनुरूप दो प्रकार के आकलनों की बात राज्य सरकार की सतत एवं व्यापक आकलन की स्कीम में की जाती है। जिसमें पहला रचनात्मक आकलन जो कि सीखने–सिखाने की प्रक्रिया में अंतर्गुथित है एवं कक्षा–कक्षीय प्रक्रिया में निरंतर होता रहता है तथा दूसरा योगात्मक आकलन है जो एक निश्चित अवधि के उपरांत बच्चे की शैक्षिक उपलब्धि का आकलन करता है।

इन दोनों ही प्रकार के आकलनों के लिए एक तार्किक फ्रेमवर्क द्वारा निर्मित व्यवस्था को काम में लिया जाता है तो सीखने–सिखाने को बहुत हद तक उपयुक्त एवं आवश्यक बनाया जा सकता है। इसके लिए आकलन की एक टैक्सॉनामि को काम में लिया जाता है। जिसके अनुरूप तार्किक फ्रेमवर्क (ब्लूप्रिंट) का एक स्वरूप नीचे दिया गया है तथा इस फ्रेमवर्क के अनुसार एक टर्म का लिखित आकलन के लिए योगात्मक आकलन के टूल को भी संरचित किया गया है।

आपको भी इसी तरह योगात्मक आकलन के लिए टूल की संरचना करनी होगी। जिसके लिए विभिन्न प्रकार के प्रश्नों का संग्रह (Test Item Pool) आगे दिया गया है। इस संग्रह में अधिगम क्षेत्रवार प्रश्नों के संग्रह को एक टर्म में आए अधिगम क्षेत्रों के सापेक्ष रखा गया है। बुनियादी क्षमताओं के सापेक्ष प्रश्नों के संग्रह को सभी टर्म में नहीं रखा गया है, क्योंकि अनावश्यक दोहरान पुस्तिका में पृष्ठों की संख्या को ही बढ़ाता। इसलिए यह ध्यान आपको रखना होगा कि आप किस टर्म की या किस कक्षा की बुनियादी क्षमताओं पर आधारित आइटम अपने आकलन टूल में रखना चाहते हैं, उनका चयन उस भाग से कर लिया जाएगा।

# प्रथम योगात्मक आकलन टूल निर्माण ब्लूप्रिंट

| क्र. सं. | आकलन के क्षेत्र | प्रश्नों के प्रकार | | |
|---|---|---|---|---|
| | | याद रखना | समझना | अनुप्रयोग करना |
| **मौखिक** | | | | |
| 1 | सुनकर समझना और समझकर बोलना | 1, 8 | 14 | - |
| | | - | 3 | 8 |
| | | - | - | - |
| **लिखित** | | | | |
| 2 | पढ़ना और पढ़कर समझना | 5 | - | 14 |
| | | - | 2, 4, 7 | - |
| | | - | - | - |
| 3 | लिखना | - | - | - |
| | | - | 4, 14, 17 | 1, 2, 7 |
| | | - | - | - |
| 4 | व्याकरण | - | 4, 17 | 9 |
| | | - | 31 | - |
| | | - | - | - |
| 5 | सृजनात्मक अभिव्यक्ति | - | - | - |
| | | - | - | - |
| | | - | 5 | - |
| **कुल प्रश्न – 21** | | **3** | **12** | **6** |

**नोट :** ब्लूप्रिंट में जो प्रश्न क्रमांक दिए गए हैं वे प्रश्न बैंक में अधिगम क्षेत्रवार दिए गए प्रश्नों के क्रमांक हैं।

# 3

# योगात्मक आकलन हेतु मौखिक एवं लिखित आकलन टूल नमूना पत्रक

## योगात्मक आकलन

**विषय : हिन्दी** **कक्षा : 4**

**शाला का नाम :** ..... **रोल नं. :** .....

**विद्यार्थी का नाम :** ..... **दिनांक :** .....

**अधिगम क्षेत्र : सुनकर समझना और समझकर बोलना**

1. **अपनी मन पसंद कहानी/कविता सुनाइए।** **(याद रखना)**
2. **गद्यांश का स्पष्टता से उच्चारण कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए –** **(समझना)**

   एक विशेष बात यह है कि झीलें इस प्रकार बनी हैं कि एक झील का पानी दूसरी झील में आता है,अतः ये झीलें जल संरक्षण का उत्कृष्ट उदाहरण हैं। इस प्रकार झील में ही उत्तर की ओर एक सौर वेधशाला (सोलर ऑबजरवेटरी) भी बनी हुई है। इसमें वैज्ञानिकों द्वारा सूर्य की गतिविधियों का अध्ययन किया जाता है।

   – सौर वेधशाला कहाँ है ?
   – झीलें जल संरक्षण कैसे करती हैं ?
   – सौर वेधशाला में वैज्ञानिकों द्वारा क्या कार्य किया जाता है ?
3. **आप आधी छुट्टी में क्या–क्या कार्य करते हैं ?** **(याद रखना)**
4. **किसी कहानी का संवाद करते हुए उसका अभिनय या एकांकी मंचन करवाएँ। (उपसमूह गतिविधि)** **(अनुप्रयोग करना)**
5. **उपसमूहों में चर्चा करवाएँ। चर्चा हेतु बिन्दु (उपसमूह में) –** **(समझना)**
   – वन्य जीव एवं पालतू जीवों में क्या अंतर है ?
   – पालतू जीवों की देख भाल हमें किस प्रकार करनी चाहिए ?
   – पेड़ों से हमें क्या–क्या मिलता है ?
   – सुन्दर उपवन में क्या–क्या चीजें दिखाई गई हैं ?
   – एक बगीचे को सुरक्षित रखने के लिए क्या–क्या आवश्यकताएं होनी चाहिए ?

## अधिगम क्षेत्र : पढ़ना और पढ़कर समझना

**1. अनुच्छेद पढ़कर नीचे दिए प्रश्नों के उत्तर दीजिए –** **(समझना)**

कैलाश और मीना अपने माँ–बाप को बहुत प्यारे थे। माँ ने उनके लिए खीर बनाई। वे दोनों बहुत प्रसन्न हुए। माँ ने खीर ठण्डी होने के लिए रख दी। पर कैलाश से रहा न गया। वह मीना को धोखा देकर रसोई घर में चला गया। खीर खाने लगा। अचानक खीर नीचे गिर गई और वह बहुत घबरा गया। मीना ने देखा और खीर उठाने में मदद की।

**(क) ''मदद करना'' का उपयुक्त मुहावरा है –**

(अ) हाथ जोड़ना (ब) कमर कसना (स) हाथ बँटाना (द) हाथ पाँव फूलना ( )

**(ख) माँ ने बच्चों के लिए बनाई।**

(अ) पूड़ी (ब) खिचड़ी (स) चावल (द) खीर ( )

**(ग) कैलाश के हाथ से खीर कैसे गिरी होगी?**

.....

.....

**2. दी गई कविता को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए –** **(समझना)**

धरती के श्रृंगार पेड़ हैं,
जीवन के आधार पेड़ हैं
पेड़ हमें छाया देते हैं
स्वयं शीत–गर्मी सहते हैं,
बिना मुकुट के राजा हैं ये
कितने मनमोहक लगते हैं।
जंगल के परिवार पेड़ हैं
पंछी के घर–बार पेड़ हैं।

**(अ) पेड़ों से हमें क्या–क्या मिलता है ?**

.....

.....

**(ब) पेड़ों को धरती का श्रृंगार क्यों कहा गया है ?**

.....

.....

**(स) पेड़ों को जंगल का परिवार क्यों कहा गया है ?**

.....

.....

**3. सही उत्तर पर सही (✓) का निशान लगाइए –** **(याद रखना)**

**(क) आगरा की प्रसिद्ध मिठाई है–**

(अ) लड्डू (ब) पेठा (स) घेवर (द) जलेबी

**(ख) राजस्थान का मुख्य भोजन –**

(अ) मक्के की रोटी (ब) दाल–बाटी (स) दाल–भात (द) इडली–ढोसा

**(ग) हमारा प्रसिद्ध खेल कौनसा है?**

(अ) कबड्डी (ब) क्रिकेट (स) हॉकी (द) फुटबॉल

4. वर्ग पहेली में से मिठाईयों के नाम छाँटकर घेरा (○) बनाइए और लिखिए – (समझना)

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| ब | र | फी | ज | र |
| प | स | णी | ल | स |
| इ | म | र | ती | गु |
| क | ला | क | न्द | ल्ला |
| ज | ई | पे | ठा | पे |
| ले | ल | ड | डू | ड़ा |
| बी | घे | व | र | थ |

5. नीचे लिखी गई आवाज़ों वाले शब्दों में से सही शब्द चुनकर वाक्य पूरे कीजिए – (अनुप्रयोग करना)

टप–टप , सन–सन , गट–गट , कल–कल , गुन–गुन

जैसे– रोशन गट–गट सारा दूध पी गया।

(क) सारी रात ..... हवाएँ चलती रही।

(ख) भँवरे फूलों पर ..... करते घूम रहे हैं।

(ग) पहली बारिश में ही कल से ..... पानी टपकने लगा।

(घ) कुटिया के पास ही ..... करती नदी बह रही थी।

## अधिगम क्षेत्र : लिखना

6. नीचे लिखे गए शब्दों का वाक्यों में प्रयोग कीजिए – (अनुप्रयोग करना)

खिलाना .....

घसीटना .....

फेंटना .....

मिटाना .....

7. दिए गए चित्र दृश्य की सहायता से एक कहानी की रचना कीजिए। (अनुप्रयोग करना)



8. आपके घर का चित्र हमने बना दिया है। आप इसके आगे बगीचा बनाइए और अपने घर के बारे में लिखिए – (समझना)



9. दिए गए चित्र को देखकर 4–5 पंक्तियों की तुकबंदी (कविता बनाइए) कीजिए। (अनुप्रयोग करना)



10. निम्न प्रश्नों के उत्तर लिखिए – (समझना)

(क) पेड़ आपको कैसे लगते हैं, और क्यों ?

(ख) अगर पेड़ नहीं होते तो क्या होता ?

**(स) पेड़ की छाया हमें कब अच्छी लगती है ? और क्यों?**

.....

.....

**11. दिए गए अनुच्छेद को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर लिखिए – (समझना)**

पशु–पक्षियों का एक झुंड था। उसमें ऊँट और तोता पक्के मित्र थे। ऊँट बोला –'मित्र, बहुत दिन हो गए ककड़ियाँ नहीं खाईं। कच्ची–कच्ची ककड़ियाँ खाने चलें।' तोता बोला – 'चलें तो सही, पर खेत का रक्षक माँगीराम चौकन्ना खड़ा होगा।' ऊँट बोला – 'देखा जाएगा। मित्र, चलें तो।' दोनों हिम्मत कर खेत में घुस गए। ककड़ियाँ और तरबूज खूब खाए। खेत सफाचट कर दिया।

**(क) तोते को किसका डर था और क्यों ?**

.....

.....

**(ख) अगर आप ऊँट या तोता होते, तो क्या खेत के फल–सब्जियाँ खाने जाते ? कैसे और क्यों ?**

.....

.....

## अधिगम क्षेत्र : व्याकरण

**12. दिए गए शब्दों का वचन बदलकर लिखिए – (समझना)**

**उदाहरण –क्यारी– क्यारियाँ**

मक्खी – ..... लड़की – .....

बिल्ली – ..... दवाई – .....

बकरी – ..... मिठाई – .....

**13. दिए गए वाक्यों में रेखांकित शब्द का लिंग बदलकर खाली स्थान पर लिखिए – (अनुप्रयोग करना)**

(क) शिक्षिका ने <u>बालक</u> को बुलाया पर ..... को नहीं बुलाया।

(ख) <u>मोर</u> की दुम पर पैसे होते हैं पर ..... की दुम पर नहीं ।

(ग) जंगल में <u>शेरनी</u> देखी पर ..... दिखाई नहीं दिया।

(घ) <u>चूहा</u> भूख के कारण कमजोर था। पर ..... मोटी हो रही थी।

**14. नीचे दिए गए शब्दों में से उचित शब्द चुनकर अनुच्छेद को पूरा कीजिए – (समझना)**

**( वह , अपनी , उसकी , उसने , पैर )**

सुनीता सुबह सात बजे सोकर उठी। ..... अपनी टाँगों को हाथ से पकड़कर खींचा और ..... पलंग से नीचे की ओर लटकाया। फिर पलंग का सहारा लेती हुई ..... पहिया कुर्सी तक बढ़ी।

**15. सही शब्द पर सही का निशान लगाइए –** **(समझना)**

(क) प्रसिद्ध / परसिद्ध

(ख) परवतमाला / पर्वतमाला

(ग) दरशनीय / दर्शनीय

(घ) हर्षित / हरषित

(च) परत्येक / प्रत्येक

(छ) नम्रता / नमरता

## अधिगम क्षेत्र : सृजनात्मक अभिव्यक्ति

**16. दी गई पहेलियों को पढ़कर चित्र बनाइए और रंग भरिए –** **(समझना)**

| | |
|---|---|
| **(क)** हाथ पैरों में जंजीर पड़ी है।<br>फिर भी दौड़ लगाती हूँ।<br>टेढ़े मेढ़े रास्तों से<br>गाँव शहर घुमाती हूँ।<br>उत्तर ..... | |
| **(ख)** पेड़ों पर वह उछले कूदे<br>झुंड बनाकर रहते हैं।<br>इंसान जैसी काया उनकी<br>पूँछ झुलाए रहते हैं।<br>उत्तर ..... | |

**शिक्षक टिप्पणी** .....

.....

.....

.....

.....

शिक्षक का नाम एवं हस्ताक्षर दिनांक : .....

# 4

# योगात्मक आकलन प्रपत्र बनाने हेतु विभिन्न प्रकार के मौखिक एवं लिखित प्रश्नों का संग्रह

**प्रस्तावना**

आगामी पृष्ठों पर अधिगम क्षेत्रवार एवं कौशलवार प्रश्न दिए गए हैं। इस पूल में दिए गए आइटम से ब्लूप्रिंट के अनुसार उपयुक्त चयन करके आपको योगात्मक आकलन के लिए लिखित प्रश्न पत्र का निर्माण करना है। प्रश्न निर्माण हेतु ब्लूप्रिंट पूर्व में दिए अनुसार निर्धारित किया जा सकता है या पूर्व में निर्धारित ब्लूप्रिंट को काम में लिया जा सकता है। आगे आपको जो भी टूल बनाने होंगे, उनको बनाने में उक्त पूल का सहयोग लिया जा सकता है।

टूल बनाते समय इस बात का ध्यान विशेष रूप से रखना होगा कि प्रत्येक टर्म के लिए जो बुनियादी है उसे आगामी टर्म के पाठ्यक्रम पर काम करने के आधार के रूप में समझा जायेगा। इसलिए शुरूआती जिस भी टर्म में बुनियादी क्षमताएँ आ चुकी हैं, वे आगामी टर्मों में दोहराई जायेंगी। राज्य में संचालित स्कीम में यह व्यवस्था इसीलिए की गई है ताकि बच्चों के सीखने में शैक्षणिक अंतर ना रहें।

जो बच्चे अपनी कक्षा के स्तर पर नहीं हैं उन बच्चों के योगात्मक आकलन हेतु बुनियादी क्षमताओं पर आधारित आइटम उस कक्षा स्तर के आइटम पूल से लेने होंगे जिस स्तर पर अमुक टर्म में बच्चों के साथ काम कराया गया है। नमूने के लिए दिया गया टूल कक्षा स्तर की बुनियादी क्षमताओं को शामिल करने के विचार पर आधारित है। यदि आपको टूल में नीचे के कक्षा स्तर की बुनियादी क्षमताओं के आइटम लेने हैं तो आप उस कक्षा स्तर से ले सकते हैं।

इसका तात्पर्य सीधा–सीधा यही हुआ कि कक्षा स्तर के बच्चों का एक टूल होगा तथा कक्षा स्तर से नीचे के बच्चों के लिए अलग–अलग टूल होगा, जो आप अपनी कक्षा की स्थिति के अनुसार बना सकेंगे।

## टर्म–1 व 2 के लिए

### अधिगम क्षेत्र : सुनकर समझना और समझकर बोलना

**1. अपनी मन पसंद कहानी/कविता सुनाइए।** **(याद रखना)**

**2. दिए गए कवितांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए।** **(समझना)**

जहाँ पेड़ हैं, शीतलता है
शीतलता से मेघ बरसते,
सूखी धरती हरियाती है
ताल–तलैया सारे भरते।

धरती के उपहार पेड़ हैं,
खुशहाली के द्वार पेड़ हैं।
स्वस्थ बनाते, श्रम हर लेते
हमें फूल, फल मेवे देते,
करते हैं सम्पन्न सभी को
पर किसी से कुछ भी ना लेते।

(क) पेड़ों को धरती का उपहार क्यों कहा गया है?

(ख) पेड़ हमें स्वस्थ कैसे बनाते हैं ?

(ग) मेघ कैसे बरसते हैं ?

**3. गद्यांश का स्पष्टता से उच्चारण कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए –** **(समझना)**

एक विशेष बात यह है कि झीलें इस प्रकार बनी हैं कि एक झील का पानी दूसरी झील में आता है, अतः ये झीलें जल संरक्षण का उत्कृष्ट उदाहरण हैं। इस प्रकार झील में ही उत्तर की ओर एक सौर वेधशाला (सोलर ऑबजरवेटरी) भी बनी हुई है। इसमें वैज्ञानिकों द्वारा सूर्य की गतिविधियों का अध्ययन किया जाता है।

– सौर वेधशाला कहाँ है ?

– झीलें जल संरक्षण कैसे करती हैं ?

– सौर वेधशाला में वैज्ञानिकों द्वारा क्या कार्य किया जाता है ?

**4. अपनी पुस्तक से एक कविता लय एवं हाव भाव के साथ सुनाइए।** **(याद रखना)**

**5. अपनी पसंद की कोई कहानी सुनाइए।** **(याद रखना)**

**6. निम्न लिखित प्रश्नों के उत्तर पूर्ण वाक्यों में दीजिए।** **(समझना)**

(क) दशहरा क्यों मनाया जाता है ?

(ख) हमारे देश में प्रमुख त्योहार कौन–कौन से हैं ?

(ग) जल संरक्षण करने के लिए आप क्या–क्या उपाय करेंगे ?

**7. पूर्व ज्ञान के आधार पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए –** **(समझना)**

(क) जल हमारे क्या–क्या काम आता है ?

(ख) यदि जल खत्म हो जाए तो क्या होगा ?

(ग) इन्द्रधनुष में आपने कौन–कौन से रंग देखे हैं ?

**8. आप आधी छुट्टी में क्या–क्या कार्य करते हैं ?** **(याद रखना)**

**9. आपकी दादी माँ आपको अपने जमाने की कौन–कौन सी बातें बताती थी ?** **(याद रखना)**

**10. यदि आपको सूरज से बात करने का मौका मिले तो क्या–क्या बातें करेंगे ?** **(समझना)**

**11. आपने पीले रंग की क्या–क्या मिठाइयाँ खाई हैं ? नाम बताइए।** **(समझना)**

**12. क्या आपने जलाशय देखा है ? यह क्या काम आता है ?** **(समझना)**

**13. किसी कहानी का संवाद करते हुए उसका अभिनय या एकांकी मंचन करवाएँ।** (उपसमूह गतिविधि) **(अनुप्रयोग करना)**

**14. उपसमूह कार्य – चर्चा हेतु बिन्दु** **(समझना)**

– वन्य जीव एवं पालतू जीवों में क्या अंतर है ?

– पालतू जीवों की देख भाल हमें किस प्रकार करनी चाहिए ?

– एक बगीचे को सुरक्षित रखने के लिए

– पेड़ों से हमें क्या–क्या मिलता है ?

– सुन्दर उपवन में क्या–क्या चीजें दिखाई गई हैं ?

**15. "बुद्धिमान खरगोश" कहानी के बारे में चर्चा करते हुए अपनी समझ को व्यक्त कीजिए ।** **(समझना)**

## अधिगम क्षेत्र : पढ़ना और पढ़कर समझना

**1. नीचे लिखे शब्दों को उचित बॉक्स में लिखिए –** **(समझना)**

| गरम – गरम | | ठण्डा |
|---|---|---|
| ..... | दूध लस्सी | ..... |
| ..... | पराँठा हलवा | ..... |
| ..... | समोसा शरबत | ..... |
| ..... | आइसक्रीम ज्यूस | ..... |
| ..... | छाछ रसमलाई | ..... |
| ..... | खिचड़ी जलेबी | ..... |
| ..... | | ..... |

**2. अनुच्छेद पढ़कर नीचे दिए प्रश्नों के उत्तर दीजिए –** **(समझना)**

कैलाश और मीना अपने माँ–बाप को बहुत प्यारे थे। माँ ने उनके लिए खीर बनाई। वह दोनों बहुत प्रसन्न हुए। माँ ने खीर ठण्डी होने के लिए रख दी। पर कैलाश से रहा न गया। वह मीना को धोखा देकर रसोई घर में चला गया। खीर खाने लगा। अचानक खीर नीचे गिर गई और वह बहुत घबरा गया। मीना ने देखा और खीर उठाने में मदद की।

**(क) ''मदद करना'' का उपयुक्त मुहावरा है –**

(अ) हाथ जोड़ना (ब) कमर कसना (स) हाथ बँटाना (द) हाथ पाँव फूलना ( )

**(ख) माँ ने बच्चों के लिए बनाई।**

(अ) पूड़ी (ब) खिचड़ी (स) चावल (द) खीर ( )

**(ग) कैलाश के हाथ से खीर कैसे गिरी होगी?**

.....

.....

**3. दिए गए गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए –** **(समझना)**

एक दिन अकबर और बीरबल दोनों महल के बगीचे में सैर कर रहे थे। गर्मी की सुबह थी। वहाँ तालाब में बहुत सारे कौए मस्ती में खेल रहे थे। कौओं को देखकर अकबर के मन में सवाल आया। उन्होंने बीरबल से पूछा– 'हमारे राज्य में कितने कौए होंगे?' बीरबल ने तुरन्त जवाब दिया कि, ''हमारे राज्य में नौ हजार चार सौ तिरेसठ कौए हैं।'' अकबर खुश हो गया। उसने पुनः बीरबल से प्रश्न किया यदि कौओं की संख्या आपके जवाब से ज़्यादा होती तो आपका जवाब क्या होता? बिना कुछ सोचे ही बीरबल ने कहा ''यदि ज़्यादा होती तो मेरा जवाब होता कि कुछ कौए पड़ौसी राज्य से आए होंगे।'' अगर कम होते तो? अकबर का अगला सवाल था। ''तब कुछ कौए अपने राज्य से छुट्टियाँ मनाने दूसरी जगह गए होंगे।'' बीरबल ने जवाब दिया।

**सही विकल्प पर सही (✓) का निशान लगाइए –**

**(क) महल के बगीचे में सैर कर रहे थे –**

(अ) अकबर (ब) बीरबल (स) अकबर और बीरबल (द) कोई नहीं

**(ख) कौए मस्ती से खेल रहे थे –**

(अ) तालाब में (ब) नदी में (स) कुँए में (द) झरने में

(ग) नौ हजार चार सौ तिरेसठ को अंकों में लिखिए।

.....

.....

(घ) दिए गए गद्यांश के लिए उचित शीर्षक होगा –

(अ) अकबर और बीरबल (ब) बीरबल की हाज़िर जवाबी

(स) बीरबल की मूर्खता (द) इनमें से कोई नहीं

4. दी गई कविता को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए – (समझना)

धरती के श्रृंगार पेड़ हैं,
जीवन के आधार पेड़ हैं
पेड़ हमें छाया देते हैं
स्वयं शीत–गर्मी सहते हैं,
बिना मुकुट के राजा हैं ये
कितने मनमोहक लगते हैं।
जंगल के परिवार पेड़ हैं
पंछी के घर–बार पेड़ हैं।

(अ) पेड़ों से हमें क्या–क्या मिलता है ?

.....

.....

(ब) पेड़ों को धरती का श्रृंगार क्यों कहा गया है ?

.....

.....

(स) पेड़ों को जंगल का परिवार क्यों कहा गया है ?

.....

.....

5. सही विकल्प पर सही (✓) का निशान लगाइए – (याद रखना)

(क) आगरा की प्रसिद्ध मिठाई है–

(अ) लड्डू (ब) पेठा (स) घेवर (द) जलेबी

(ख) राजस्थान का मुख्य भोजन –

(अ) मक्के की रोटी (ब) दाल–बाटी (स) दाल–भात (द) इडली–ढोसा

(ग) हमारा प्रसिद्ध खेल कौनसा है?

(अ) कबड्डी (ब) क्रिकेट (स) हॉकी (द) फुटबॉल

6. **हलवा बनाने की विधि का सही क्रम लिखिए –** **(समझना)**

(क) गरम घी में सूजी डालेंगे। ( )
(ख) सूजी को भूरा होने तक भूनेंगे। ( )
(ग) कड़ाही को गैस पर रखेंगे। ( )
(घ) उसमें पानी डालकर हिलायेंगे। ( )
(ङ) चीनी डालकर कुछ समय पकायेंगे। ( )
(च) कड़ाही में घी गरम करेंगे। ( )

7. **वर्ग पहेली में से मिठाईयों के नाम छाँटकर घेरा (○) बनाइए और लिखिए –** **(समझना)**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| ब | र | फी | ज | र |
| प | स | णी | ल | स |
| इ | म | र | ती | गु |
| क | ला | क | न्द | ल्ला |
| ज | ई | पे | ठा | पे |
| ले | ल | ड | डू | ड़ा |
| बी | घे | व | र | थ |

.....
.....
.....
.....
.....
.....
.....

.....
.....
.....
.....
.....
.....
.....

8. **नीचे लिखी पहेली का नाम लिखिए और चित्र बनाइए –** **(समझना)**

| | | |
|---|---|---|
| (क) | दो अक्षर का मेरा नाम,<br>आता हूँ खाने के काम,<br>उल्टा लिखे तो नाच दिखाऊँ,<br>फिर भी अपना नाम छिपाऊँ। | ..... |
| (ख) | एक कटोरा पहने झबला,<br>ऊपर ओढ़े खाल,<br>जब–जब उस पर हाथ जमाऊँ,<br>वह बोले ता–ता धिन्–ना। | ..... |

9. **आपको कौन–कौन से खेल खेलना पसंद है ?इनमें से किसी एक खेल के खेलने की विधि अपने शब्दों में लिखिए –** **(समझना)**

| खेलों के नाम ,जो आप खेलते हैं। | एक खेल के खेलने की विधि |
|---|---|
| | |

**10. नीचे लिखे शब्दों के अलग–अलग अर्थों के अनुसार वाक्य में प्रयोग कीजिए।** **(समझना)**

**जैसे–** मगरमच्छ –**<u>मगरमच्छ</u>** पानी में रहता है

**मगर** मगर – आज मैं स्कूल आऊँगी **<u>मगर</u>** कल नहीं आऊँगी।

**(क) जल**

पानी –

जलना –

**(ख) पूर्व**

पहले

दिशा

**11. नीचे लिखे शब्दों के अलग–अलग अर्थ के अनुसार वाक्य में प्रयोग कीजिए –** **(समझना)**

(क) आम .....

आम .....

(ख) उत्तर .....

उत्तर .....

**12. दिए गए अनुच्छेद को पढ़कर प्रश्न हल कीजिए –** **(समझना)**

एक दिन बादशाह अकबर की रानी के मन में आया कि ऐसे लोगों को दान देना चाहिए जिनकी आँखें नहीं हैं। यह बात उन्होंने बादशाह अकबर से कही। अकबर ने ऐसे लोगों को खोजने के लिए दरबारियों से कहा, परन्तु राज्य में कुछ ही ऐसे लोग मिल पाए। रानी चाहती थी कि वे ऐसे कम से कम दो हजार लोगों को दान दें। इस समस्या को हल करने के लिए बादशाह ने बीरबल से कहा। बीरबल ने कहा– 'जहाँपनाह, बहुत से व्यक्ति ऐसे भी हैं, जो आँखें होते हुए भी देख नहीं पाते, क्यों न उन्हें भी दान दिया जाए।

**(क) जिनकी आँखें नहीं होती हैं, उन्हें कहते हैं –**

(अ) दृष्टि वाला (ब) दृष्टिहीन (स) दृष्टियुक्त ( )

**(ख) अकबर एक अच्छा ..... था।**

(अ) पति (ब) राजा (स) बादशाह ( )

**(ग) इस अनुच्छेद के लिए उपयुक्त शीर्षक हो सकता है –**

(अ) आँखों के अंधे (ब) बादशाह अकबर (स) रानी और राजा ( )

**(घ) आपने जो शीर्षक चुना है, वह क्यों चुना? लिखिए –**

क्योंकि .....

.....

**(ङ) 'खोजना' का और मतलब ..... भी हो सकता है।**

**13. दी गई पंक्तियों को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए –** **(समझना)**

नहीं सूर्य से कहता कोई
धूप यहाँ पर मत फैलाओ,
कोई नहीं चाँद से कहता
उठा चाँदनी को ले जाओ।

कोई नहीं हवा से कहता
खबरदार जो अंदर आई,
बादल से कहता कोई
क्यों जलधार यहाँ बरसाई?

**(क) सूर्य से कोई भी क्या नहीं कह पाता है?**

.....

**(ख) क्या आप भी अपनी मनमर्ज़ी से कार्य करते हैं ? आपको किसी का रोकना–टोकना कैसा लगता है, और क्यों ?**

.....

**(ग) 'जलधार' का मतलब क्या है?**

**14. नीचे लिखी गई आवाज़ों वाले शब्दों में से सही शब्द चुनकर वाक्य पूरे कीजिए –** **(अनुप्रयोग करना)**

**टप–टप , सन–सन , गट–गट , कल–कल , गुन–गुन**

**जैसे– रोशन <u>गट–गट</u> सारा दूध पी गया।**

(क) सारी रात ..... हवाएँ चलती रही।

(ख) भँवरे फूलों पर ..... करते घूम रहे हैं।

(ग) पहली बारिश में ही कल से ..... पानी टपकने लगा।

(घ) कुटिया के पास ही ..... करती नदी बह रही थी।

**15. दी गई पहेली पढ़कर चित्र बनाइए तथा नाम भी लिखिए –** **(समझना)**

| | |
|---|---|
| (क) चढ़े नाक पर पकड़े कान,<br>बोलो बच्चो कौन शैतान। | (ख) एक जानवर ऐसा, जिसकी दुम पर पैसा,<br>बादल देखे, छम–छम नाचे<br>अलबेला–मस्ताना–बोलो क्या ? |
| | |
| ..... | ..... |

16. चित्र देखकर दिए गए शब्दों के आधार पर रिक्त स्थान भरिए – (अनुप्रयोग करना)



**लकीर , काटे , कागज , तुरन्त , लम्बी लकीर , आपकी लकीर , दंग**

एक बार अकबर बादशाह ने एक ..... पर पैंसिल से एक ..... खींची और बीरबल से कहा– 'बीरबल, इस ..... को ..... और मिटाए बिना छोटी करके दिखाओ' बीरबल ने ..... पैंसिल उठाकर उस लकीर के पास एक ..... खींचते हुए कहा, 'लीजिए आपकी लकीर छोटी हो गई, 'यह देखकर बादशाह ..... रह गए।

17. दिए गए गद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए – (समझना)

एक दिन जब शिक्षा पूर्ण करके शिष्यों को गुरुकुल से विदा होने का समय आया तो समस्त शिष्यों को एकत्रित करके गुरुजी ने उस बालक को अपने पास बुलाया। उन्होंने बालक की हथेली पकड़ी और यह देखकर वे अत्यधिक अभिभूत थे कि आज उसके हाथों में उसकी लगन और परिश्रम से विद्या की ऐसी रेखा उभर आई थी जो कभी मिट नहीं सकती थी। गुरुजी ने बच्चों को उदाहरण देते हुए कहा, 'बच्चों अगर तुम भी इस बालक की भाँति संकल्प, दृढ़ इच्छा–शक्ति और लगन से कार्य करोगे तो कभी भी जीवन में असफलता का मुँह नहीं देखोगे।'

**(क) बालक की हथेली देखकर गुरुजी अभिभूत क्यों थे?**

.....

.....

**(ख) गुरुजी ने बच्चों को क्या कहा?**

.....

.....

(ग) जीवन में असफलता का मुँह कौन नहीं देखता है और क्यों?

.....

.....

(घ) निम्न शब्दों को अथ लिखिए–

एकत्रित ..... , परिश्रम .....

**18. सही शब्द चुनकर वाक्य पूरा कीजिए –** **(समझना)**

(क) माँ ने लड्डू बनाए ..... बच्चों में बाँट दिए। (और/कि)

(ख) जामुन बड़े तो हैं ..... मीठे नहीं हैं। (परन्तु/क्योंकि)

(ग) आज जल्दी छुट्टी हो गई ..... हम घर आ गए। (तथा/इसलिए)

(घ) हम सब अंदर आ गए ..... ओले पड़ने लगे थे। (क्योंकि/अतः)

## अधिगम क्षेत्र : लिखना

**1. नीचे लिखे गए शब्दों का वाक्यों में प्रयोग कीजिए –** **(अनुप्रयोग करना)**


खिलाना .....

घसीटना .....

फेंटना .....

मिटाना .....

**2. दिए गए चित्र दृश्य की सहायता से एक कहानी की रचना कीजिए।** **(अनुप्रयोग करना)**



.....

.....

3. आप गर्मियों की छुट्टियों में घर पर व घर से बाहर क्या–क्या काम करते हैं? काम करने में आपको कैसा लगता है, अपना अनुभव लिखिए – (याद रखना)

| काम जो आप करते हैं | काम करने के अनुभव |
|---|---|
| | |

4. आपके घर का चित्र हमने बना दिया है। आप इसके आगे बगीचा बनाइए और अपने घर के बारे में लिखिए – (समझना)



5. दिए गए शब्दों के आधार पर अपने मन से कहानी बनाइए – (अनुप्रयोग करना)

( हिरन, कोयल, बाग, जादू की छड़ी, खटोला, पानी, खरगोश )

6. आपके गाँव/शहर में लगने वाले मेले में आपने क्या–क्या देखा, क्या–क्या खाया? अपने अनुभव को लिखिए व मेले का चित्र भी बनाइए। (याद रखना)

7. दिए गए चित्र को देखकर 4–5 पंक्तियों की तुकबंदी (कविता बनाइए) कीजिए। (अनुप्रयोग करना)



8. अपने आस–पास के लोगों के बारे में आप क्या–क्या जानना चाहेंगे ? पाँच–छः प्रश्न बनाइए – (अनुप्रयोग करना)

(क)

(ख)

(ग)

(घ)

(ङ)

(च)

9. राजस्थान के दर्शनीय स्थलों के नाम लिखिए एवं उनमें से किसी एक के बारे में पूरी जानकारी लिखिए – (समझना)

| राजस्थान के दर्शनीय स्थल | किसी एक के बारे में विवरण/जानकारी |
|---|---|
| | |

10. दिए गए शब्दों से वाक्य बनाकर लिखिए – (अनुप्रयोग करना)


(क) स्वतंत्र – .....

(ख) स्वस्थ – .....

(ग) स्वाधीनता – .....

(घ) स्वीकार – .....

11. दिए गए चित्रों को देखकर प्रश्नों के उत्तर दीजिए – (समझना)



(क) इनमें कौन–कौन से ईंधन का इस्तेमाल किया जाता है?

.....

.....

(ख) आपके घर में खाना बनाने के लिए किसका इस्तेमाल होता है और क्यों ?

.....

.....

12. दिए गए दृश्य चित्र को देखकर मेले से जुड़ा अनुभव लिखिए – (अनुप्रयोग करना)



13. जल हमारे लिए क्यों उपयोगी है, अगर प्रकृति में जल नहीं रहेगा तो हमारे जीवन पर क्या प्रभाव पड़ेगा? लिखिए – (समझना)

14. निम्न प्रश्नों के उत्तर लिखिए – (समझना)

(क) पेड़ आपको कैसे लगते हैं, और क्यों ?

(ख) अगर पेड़ नहीं होते तो क्या होता ?

(स) पेड़ की छाया हमें कब अच्छी लगती है ? और क्यों?

15. नीचे दिए गए चित्र को देखकर लिखिए कि सुबह–सुबह उठने के बाद आप क्या–क्या करते हैं? (अनुप्रयोग करना)



16. हमारे देश को आगे बढ़ाने व उन्नत करने के लिए प्रत्येक व्यक्ति की कुछ न कुछ जिम्मेदारी है। आपके घर में इन सबकी क्या–क्या जिम्मेदारी है? (अनुप्रयोग करना)

(क) माँ की जिम्मेदारी –

(ख) पिता की जिम्मेदारी –

(ग) आपकी जिम्मेदारी –

17. दिए गए अनुच्छेद को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर लिखिए – (समझना)

पशु–पक्षियों का एक झुंड था। उसमें ऊँट और तोता पक्के मित्र थे। ऊँट बोला –'मित्र, बहुत दिन हो गए ककड़ियाँ नहीं खाईं। कच्ची–कच्ची ककड़ियाँ खाने चलें।' तोता बोला – 'चलें तो सही, पर खेत का रक्षक माँगीराम चौकन्ना खड़ा होगा।' ऊँट बोला – 'देखा जाएगा। मित्र, चलें तो।' दोनों हिम्मत कर खेत में घुस गए। ककड़ियाँ और तरबूज खूब खाए। खेत सफाचट कर दिया।

(क) तोते को किसका डर था और क्यों ?

(ख) अगर आप ऊँट या तोता होते, तो क्या खेत के फल–सब्जियाँ खाने जाते ? कैसे और क्यों ?

18. दिए गए चित्र को देखकर सोचिए कि ये सब क्या बातें कर रहे होंगे? (अनुप्रयोग करना)



19. **दिए गए अनुच्छेद को पढ़कर प्रश्न बनाइए –** **(अनुप्रयोग करना)**

खेलों द्वारा आलस्य दूर भागता है। शरीर स्वस्थ, चुस्त और बलशाली बनता है। बीमारियाँ पास नहीं फटकती। खेल के मैदान में खेल रहे खिलाड़ियों के प्रशंसक जब उनका हौसला बढ़ाते हैं, उस समय खिलाड़ियों के चेहरे का तेज व उनकी चुस्ती–फुर्ती देखने योग्य होती है।

(क) .....

(ख) .....

(ग) .....

(घ) .....

(ङ) .....

20. **जरा सोचिए कि चिंटू क्या सपना देख रहा होगा ?** **(अनुप्रयोग करना)**



.....

.....

.....

.....

.....

.....

.....

.....

.....

.....

.....

.....

21. **दिए गए चित्रों को देखिए और क्रमबद्धता को समझते हुए इसके आधार पर एक कहानी बनाइए –** **(अनुप्रयोग करना)**









.....

.....

22. चित्र देखकर अपने मन की बात लिखिए – (अनुप्रयोग करना)



23. दिए गए चित्रों के आधार पर सेठ जी, शेर व गधे के बीच क्या बातचीत हो रही है उसे लिखिए – (अनुप्रयोग करना)

शेर– अरे सेठजी! आज कहाँ जा रहे हो?

सेठजी .....


.....

शेर .....


.....

सेठजी .....

.....



24. चित्र में जॉर्ज अंकल क्या देख कर बड़े खुश हो रहे हैं ? इस बारे में आप क्या सोच रहे हैं ? अपनी मर्जी से इनकी आपसी बातों को लिखिए – (समझना)



25. चित्र देखकर अपने मन के विचार लिखिए एवं रंग भरिए – (समझना)



## अधिगम क्षेत्र : व्याकरण

**1. जिस इमारत में तीन मंज़िलें हों, उसे तिमंजिला इमारत कहते हैं। बताइए इन्हें क्या कहेंगे? (समझना)**

(क) जिस मकान में दो मंजिलें हों – .....

(ख) जिस स्कूटर में दो पहिए हों – .....

(ग) जिस झण्डे में तीन रंग हों – .....

(घ) जिस जगह पर चार राहें मिलती हों – .....

**2. (क) मैं अपनी माँ की आँख का तारा हूँ। इस वाक्य में मुहावरे का अर्थ है – (समझना)**

(अ) बहुत बुरा (ब) बहुत प्यारा (स) बहुत बड़ा (द) बहुत सारा ( )

**3. दिए गए मुहावरों का वाक्यों में प्रयोग कीजिए – (अनुप्रयोग करना)**

(क) आँखों का तारा – .....

(ख) प्राणों की आहुति देना – .....

(ग) चूर–चूर होना – .....

(घ) मौत के घाट उतारना – .....

**4. दिए गए शब्दों का वचन बदलकर लिखिए – (समझना)**

**उदाहरण –क्यारी– क्यारियाँ**

मक्खी – ..... लड़की – .....

बिल्ली – ..... दवाई – .....

बकरी – ..... मिठाई – .....

**5. एक वचन शब्दों का बहुवचन शब्दों से मिलान कीजिए – (याद रखना)**

| | |
|---|---|
| (क) चटाई | ताले |
| (ख) रोटी | मटके |
| (ग) नदी | नदियाँ |
| (घ) मटका | रोटियाँ |
| (ङ) ताला | चटाइयाँ |

**6. बहुवचन से एकवचन बनाइए – (समझना)**

| बहुवचन | एकवचन |
|---|---|
| सहेलियाँ | सहेली |
| लड़कियाँ | ..... |
| किताबें | ..... |
| मालाएँ | ..... |
| ताले | ..... |

**7 'दिन' शब्द में 'प्रति' जोड़ने पर 'प्रतिदिन' बना है। इसी प्रकार 'प्रति' शब्द जोड़कर तीन नए शब्द बनाइए– (अनुप्रयोग करना)**

..... ..... .....

**8. दिए गए शब्दों के लिंग बदलकर लिखिए –** **(समझना)**

(क) शिष्या – ..... (5) अध्यापक – .....

(ख) छात्र – ..... (6) कवि – .....

(ग) विद्वान – ..... (7) बालक – .....

**9. दिए गए वाक्यों में रेखांकित शब्द का लिंग बदलकर लिखिए –** **(अनुप्रयोग करना)**

(क) शिक्षिका ने <u>बालक</u> को बुलाया पर ..... को नहीं बुलाया।

(ख) <u>मोर</u> की दुम पर पैसे होते हैं पर ..... की दुम पर नहीं ।

(ग) जंगल में <u>शेरनी</u> देखी पर ..... दिखाई नहीं दिया।

(घ) <u>चूहा</u> भूख के कारण कमजोर था। पर ..... मोटी हो रही थी।

**10. क्रिया शब्दों को लिखकर वाक्य पूरा कीजिए –** **(समझना)**

**बनाने , बनाया , बनवाया , बनवाई , बनाएँगे**

**जैसे.–हम सब ने मिलकर रंगोली बनवाई।**

(क) ताजमहल शाहजहाँ ने ..... था।

(ख) तुम्हें अच्छे चित्र ..... आते हैं।

(ग) जल्दी–जल्दी दीपक ..... दीपावली आने वाली है।

(घ) सीता ने झटपट खाना ..... और बाज़ार चली गई।

**11. उचित विशेषण लगाकर लिखिए –** **(समझना)**

**जैसे–<u>स्वादिष्ट</u> समोसे**

(क) ..... अचार (ख) ..... गोलगप्पे

(ग) ..... टॉफी (घ) ..... डाल

**12. विशेषण लगाकर वाक्य बनाइए –** **(अनुप्रयोग करना)**

**जैसे–हाथी – मोटा हाथी मटककर चलता है।**

(क) आम – .....

(ख) पहाड़ – .....

(ग) वन – .....

**13. दिए गए अनुच्छेद को ध्यान से पढ़ते हुए कोष्ठक में से उचित विशेषण शब्द को लिखिए –** **(समझना)**

**( लम्बी, तेज, पतली, छोटी, बड़ा, धीमी )**

एक दिन पवन ..... चल रही थी। चिड़िया ..... थी परन्तु जिराफ बहुत ..... था। जिसने अपनी ..... गर्दन को मोड़कर चिड़िया को छुपा लिया और हवा की गति ..... होने पर छोड़ दिया।

**14. उचित शब्दों से अनुच्छेद को पूरा कीजिए –** **(अनुप्रयोग करना)**

**( वह , अपनी , उसकी , उसने , पैर )**

सुनीता सुबह सात बजे सोकर उठी। ..... अपनी टाँगों को हाथ से पकड़कर खींचा और ..... पलंग से नीचे की ओर लटकाया। फिर पलंग का सहारा लेती हुई ..... पहिया कुर्सी तक बढ़ी।

**15. नीचे दिए गए वाक्यों में उचित विराम चिह्न लगाइए।** **(अनुप्रयोग करना)**

(क) प्राचीन समय की बात है

(ख) तुम क्या खेल रहे हो

(ग) राम ने श्याम से कहा यह फल मीठा है

(घ) अरे मोहन तुम यहाँ क्या कर रहे हो

**16. दी गई वर्ग पहेली में से ऐसे नामों को खोजिए और उन पर घेरा लगाइए, जो दिए गए शब्दों के विलोम शब्द हों।** **(समझना)**

| | | | |
|---|---|---|---|
| ना | स | र | म |
| क | प | रा | र |
| रा | सं | त | ण |
| ज | द | हा | नि |

**जैसे–जीवन – मरण**

पसंद ..... लाभ ..... दिन .....

**17. उचित शब्द पर सही का निशान लगाइए –** **(समझना)**

(क) प्रसिद्ध / परसिद्ध (ख) परवतमाला / पर्वतमाला

(ग) दरशनीय / दर्शनीय (घ) हर्षित / हरषित

(च) परत्येक / प्रत्येक (छ) नम्रता / नमरता

**18. दिए गए विराम चिह्नों का प्रयोग कर वाक्य बनाइए –** **(अनुप्रयोग करना)**

| विराम चिह्न | वाक्य |
|---|---|
| ? | ..... |
| , | ..... |
| । | ..... |
| ! | ..... |

**19. अनुच्छेद को पढ़कर उचित स्थान पर विराम चिह्न लगाकर पुनः लिखिए –** **(अनुप्रयोग करना)**

एक अच्छे खिलाड़ी की हार या जीत मुख्य नहीं होती बल्कि ठीक खेलना निर्णायक के फैसले को स्वीकार करना तथा टीम में तालमेल से कार्य करना अधिक महत्त्वपूर्ण है

.....

.....

.....

.....

.....

**20. दिए गए संवाद में उचित विराम चिह्नों का प्रयोग कीजिए –** **(अनुप्रयोग करना)**

मान्या – काम आप क्या काम करते हैं ज़रा हमें बतला दीजिए

सूर्य – वाह तुम्हें इतना भी नहीं पता मैं ही तो बादल लाता हूँ क्या यह काम नहीं है

आर्यन – हाँ हाँ क्यों नहीं

**21. दिए गए शब्दों का विलोम शब्दों से मिलान कीजिए –** **(याद रखना)**

| शब्द | विलोम शब्द |
|---|---|
| सुख | असफलता |
| प्रसन्न | गंदगी |
| सफलता | अप्रसन्न |
| सफाई | दुःख |

**22. नीचे दिए गए रेखांकित शब्दों के विलोम शब्द लिखकर वाक्य पूरे कीजिए –** **(समझना)**

(क) मेरा घर नदी के **<u>पास</u>** है लेकिन ममता का घर ..... है।

(ख) दिन में **<u>सूरज</u>** और रात को ..... निकलता है।

(ग) राजा ने चोर को **<u>जीवित</u>** या ..... पकड़कर लाने का आदेश दिया।

(घ) इन बातों से कुछ **<u>लाभ</u>** न होगा बल्कि ..... ही होगी।

**23. समझकर लिखिए –** **(समझना)**

**जैसे– पुस्तक से पुस्तकें**

(क) खीरा = .....  (ख) किरण = .....

**जैसे– स्मृति से स्मृतियाँ**

(ग) लकड़ी = .....  (घ) सूई = .....

**24. दिए गए वाक्यों में सही शब्द का चयन कर रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए –** **(समझना)**

(क) भँवरा फूल पर ..... । (मंडरा रहे हैं / मंडरा रहा है)

(ख) बच्चे पुस्तक ..... । (पढ़ रहे हैं / पढ़ रहा है)

(ग) कमरों में ..... चल रहे हैं। (पंखा / पंखे)

(घ) ..... भौंक रहे हैं। (कुत्ता / कुत्ते)

**25. दिए गए शब्दों से वाक्य बनाइए –** **(अनुप्रयोग करना)**

| शब्द | वाक्य |
|---|---|
| ग्रह | ..... |
| गृह | ..... |
| स्वार्थ | ..... |
| परिश्रम | ..... |

**26. ''र'' के विविध रूपों को समझते हुए सही शब्द बनाकर लिखिए –** **(समझना)**

| र के विविध रूप | सही शब्द |
|---|---|
| टरक | ..... ट्रक ..... |
| भरम | ..... |
| कर्म | ..... |
| आर्ती | ..... |
| डरम | ..... |

**27. वाक्य को पढ़कर सही शब्द का चयन कर लिखिए –** **(समझना)**

(क) नेहा ..... बजाती है । (ड्रम / डरम)

(ख) ..... से किसान खेती करता है। (टरेक्टर / ट्रैक्टर)

(ग) ..... के मौसम में पसीने आते हैं। (सर्दी / गर्मी)

(घ) पहाड़ पर चढ़ना ..... होता है। (कठिन / सरल )

**28. नीचे दिए गए वाक्यांशों के लिए एक शब्द लिखिए –** **(याद रखना)**

**जैसे– खेल खेलने वाला = खिलाड़ी**

(क) बहुत बातें करने वाला = .....

(ख) बहुत अधिक झगड़ा करने वाला = .....

(ग) बहुत अधिक पढ़ने वाला = .....

**29. संज्ञा शब्दों के पहले उपयुक्त विशेषण लगाकर वाक्य बनाइए –** **(समझना)**

(क) घर = यह **<u>बड़ा</u>** घर है।

(ख) कमल = .....

(ग) मिठाई = .....

(घ) लोग = .....

**30. नीचे दिए गए मुहावरों का अर्थ लिखकर वाक्य में प्रयोग कीजिए –** **(अनुप्रयोग करना)**

| मुहावरे | अर्थ | वाक्य में प्रयोग |
|---|---|---|
| आश्चर्यचकित रह जाना | ..... | ..... ..... |
| जी जान से कार्य करना | ..... | ..... ..... |

**31. उचित शब्दों से अनुच्छेद को पूरा कीजिए –** **(समझना)**

**( वह , अपनी , उसकी , उसने , पैर )**


सुनीता सुबह सात बजे सोकर उठी। ..... अपनी टाँगों को हाथ से पकड़कर खींचा और ..... पलंग से नीचे की ओर लटकाया। फिर पलंग का सहारा लेती हुई ..... ..... पहिया कुर्सी तक बढ़ी।

**32. दिए गए अनुच्छेद में उचित शब्द चुनकर भरिए –** **(अनुप्रयोग करना)**

**के , में , ने , के लिए , को , का , की**

राम ने कहा कि वह रोज अपने बगीचे ..... सवेरे–सवेरे घूमने जाता है। राम ..... ..... अपनी छोटी बहिन सीमा ..... बताया कि आज उसने एक छोटा सा बन्दर ..... बच्चा बगीचे ..... देखा है। बन्दर ..... ..... बच्चे ..... राम और उसकी छोटी बहिन ने देखा।

**33. शब्दों का उनके अर्थ से मिलान कीजिए –** **(याद रखना)**



**34. दिए गए नामों को छाँटकर तालिका में सही जगह पर लिखिए –** **(अनुप्रयोग करना)**

| |
|---|
| मुख्य अध्यापक , उन्होंने , पाठशाला , वितरित किए , गणतंत्र दिवस , मुझे , छात्र , आप , डॉ. भीमराव अंबेडकर , झूम उठे , पुष्पेन्द्र , वे , अभिनय करना , मदर टेरेसा |

| संज्ञा | सर्वनाम | क्रिया |
|---|---|---|
| | | |

**35. दिए गए गद्यांश को पढ़कर सारणी में निर्देशानुसार शब्द छाँटकर लिखिए –** **(अनुप्रयोग करना)**

पहाड़ के पास चंपापुर गाँव था। आँचल और मंदाकिनी रात के समय चाँद देख रही थी। माँ ने आवाज़ लगाई। दोनों ने अंगूर खाए और चित्र में रंग भरने लगी। सर्दी बढ़ रही थी। माँ ने अंगीठी सुलगाई और शकरकंद सेकी। दोनों ने खूब खाई।

| ( ँ ) | ( • ) |
|---|---|
| | |

**36. दिए गए शब्दों में ( ँ ) एवं ( • ) का प्रयोग करते हुए पुनः लिखिए –** **(अनुप्रयोग करना)**

(क) कघा ..... (ख) ऊट .....

(ग) बासुरी ..... (घ) तागा .....

(ङ) अगीठी ..... (च) मजन .....

**37. दिए गए अनुच्छेद को पढ़कर सारणी में संज्ञा, विशेषण एवं क्रिया शब्दों को वर्गीकृत कीजिए –**

**(अनुप्रयोग करना)**

जंगल में आज शोरगुल है। ताकतवर राजा शेर का जन्म दिन मनाया जा रहा है। चतुर लोमड़ी खीर पका रही है। भोला हाथी गन्ने का रस निकाल रहा है। नटखट बंदर फल काट रहा है और चालाक खरगोश पूड़ी तल रहा है। छोटी गिलहरी हरा सलाद बना रही है तथा फुर्तीला भेड़िया दावत का निमंत्रण दे रहा है।

| संज्ञा | विशेषण | क्रिया |
|---|---|---|
| | | |

**38. रेखांकित शब्दों के पर्यायवाची शब्द लिखकर वाक्य पूरे कीजिए –** **(समझना)**

(क) आज <u>आकाश</u> साफ है। ..... में तारे चमक रहे हैं।

(ख) पेड़ पर <u>पक्षी</u> चहक रहे हैं और आसमान में ..... उड़ रही हैं ।

(ग) <u>आग</u> का दूसरा नाम ..... भी है।

(घ) <u>सूरज</u> को ..... भी कहते हैं।

**39. दिए गए क्रिया शब्दों से वाक्य बनाइए –** **(समझना)**

कूदना – **प्रियंका लम्बी कूद में सबसे आगे रहती है।**

हँसना – .....

बाँटना – .....

अभिनय करना – .....

## अधिगम क्षेत्र : सृजनात्मक अभिव्यक्ति

**1. 'अपने गाँव' शीर्षक पर एक अनुच्छेद लिखिए।** **(अनुप्रयोग करना)**

.....

.....

.....

.....

**2. आपके आस–पास के दर्शनीय स्थलों की सूची बनाइए –** **(समझना)**

.....

.....

.....

.....

3. **दी गई कविता की पंक्तियों को पढ़कर समझिए एवं उसके आधार पर चित्र बनाइए –** **(समझना)**

| | |
|---|---|
| सारे चूहों ने मिल–जुलकर,<br>एक बनाया दही–बड़ा।<br>सत्तर किलो दही मँगवाया,<br>फिर छुड़वाया दही–बड़ा। | |
| | रात और दिन दही–बड़ा ही,<br>सब चूहे अब खाते हैं।<br>मौज मनाते गाना गाते,<br>कहीं न घर से जाते हैं। |

4. **दी गई पहेलियों को पढ़कर चित्र बनाइए और रंग भरिए –** **(समझना)**

| | |
|---|---|
| **(क)** हाथ पैरों में जंजीर पड़ी है।<br>फिर भी दौड़ लगाती हूँ।<br>टेढ़े मेढ़े रास्तों से<br>गाँव शहर घुमाती हूँ।<br>उत्तर ..... | |
| **(ख)** पेड़ों पर वह उछले कूदे<br>झुंड बनाकर रहते हैं।<br>इंसान जैसी काया उनकी<br>पूँछ झुलाए रहते हैं।<br>उत्तर ..... | |

## टर्म–3 व 4 के लिए

### अधिगम क्षेत्र : सुनकर समझना और समझकर बोलना

1. **अपनी मन पसंद से कोई परिवेशीय घटना/कहानी/पहेली या चुटकुला सुनाइए।** **(याद रखना)**

2. **दिए गए गद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए –** **(समझना)**

   जब से यह धरती बनी है। तभी से मैं भी संसार में हूँ,पहले लोग पुरानी बाल्टी, डिब्बा या किसी भी टूटी हुई चीज का प्रयोग कूड़ा डालने के लिए करते थे। पर अब समय बदल गया है। अब मैं प्लास्टिक, टीन, गत्ते, लोहे स्टील से बनाया जाने लगा हूँ। पहले तो मेरा मुँह खुला रहता था। अब तो मैंने ढक्कन लगवा दिया है। जब मेरी आवश्यकता हो, ढक्कन खोलो और मुझे प्रयोग में लाओ।

   (क) पहले लोग कूड़ा डालने के लिए किस सामग्री का प्रयोग करते थे ?

   (ख) हमें कूड़ेदान का ढक्कन बंद क्यों रखना चाहिए ?

   (ग) हमें कूड़ेदान का प्रयोग क्यों करना चाहिए ?

3. **पूर्व ज्ञान पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए –** **(समझना)**

   (क) सफाई रखना आश्वयक क्यों है ?

   (ख) पॉलीथीन हमारे लिए नुकसानदायक क्यों है ?

   (ग) खेत हमारे लिए उपयोगी क्यों हैं ?

4. **पाठ्यपुस्तक आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए –** **(याद रखना)**

   (क) धरती धानी क्यों होती है ?

   (ख) बया घास के महल कहाँ बनाती है ?

   (ग) गोडावण स्वभाव से कैसा पक्षी होता है ?

   (घ) गोडावण की संख्या क्यों घट रही है ?

5. **आपने अपने आस पास कौन कौन से पक्षी देखे हैं ? नाम बताइए –** **(याद रखना)**

6. **आप अपने घर/मौहल्ले गाँव को स्वच्छ बनाने के लिए क्या–क्या कार्य करेंगे ? बताइए।** **(अनुप्रयोग करना)**

7. **यदि आपको किसी किसान से खेतों के बारे में जानकारी लेनी हो तो उससे क्या–क्या प्रश्न पूछेंगे ?** **(अनुप्रयोग करना)**

8. **गोडावण पाठ में गोडावण पक्षी के बारे में क्या–क्या जानकारियाँ दी गई हैं ? बताइए।** **(समझना)**

9. **मेरे गाँव के खेत में कविता में क्या कहा गया है ?** **(समझना)**

10. **अपनी मन पसंद कविता/गीत को लय ताल के साथ सुनाइए।** **(समझना)**

11. **आपने काली बाई के बारे में जो कहानी पढ़ी है उसे अपने शब्दों में सुनाइए।** **(समझना)**

**12. निम्न लिखित प्रश्नों के उत्तर पूर्ण वाक्य में दीजिए।** **(समझना)**

(क) काली बाई का खून क्यों खौलने लगता है ?

(ख) पश्चिमी राजस्थान को भाखड़ा से क्या–क्या लाभ हैं ?

(ग) खेत के मालिक ने कूरज को पकड़ने के लिए क्या किया ?

**13. पूर्व ज्ञान पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए –** **(समझना)**

(क) क्या आपने कभी किसी पक्षी की मदद या देखभाल की है, कैसे ? आपको कैसा लगा ?

(ख) क्या करोगे यदि कोई जानवर को पीट रहा है ? तथा दो बच्चे आपस में झगड़ रहे हों ?

**14. साहसी बालक या बालिका की कहानी या घटना के बारे में बताइए।** **(याद रखना)**

**15. कूरज री विनती कहानी में क्या बताया गया है ?** **(याद रखना)**

**16. काली बाई को गुरू भक्त क्यों कहा गया है ?** **(समझना)**

**17. कूरज की तरह आप भी कुछ पंक्तियाँ कविता की बनाकर बताइए।** **(अनुप्रयोग करना)**

**18. 'खून खौलना' एवं 'नौ दो ग्यारह होना' मुहावरे का वाक्य में प्रयोग कीजिए।** **(अनुप्रयोग करना)**

**19. उपसमूहों में चर्चा करवाएं –** **(समझना)**

(क) पक्षियों की देखभाल

(ख) अपने घर में मनाए जाने वाले उत्सव/त्योहार व उनकी तैयारियाँ

**20. चित्र दृश्य देखकर साथियों से परस्पर चर्चा करके अपने समूह की राय व्यक्त कीजिए।** **(समझना)**



## अधिगम क्षेत्र : पढ़ना और पढ़कर समझना

**1. उचित विकल्प चुनकर खाली जगह भरिए –** **(अनुप्रयोग करना)**

**सरिता , मेहनत , गौरया , मुर्गा , रागविहाग , देश–विदेश , सिंगार , स्वर्ग**


(क) आँगन में _____ बाँग लगाता, _____ छत पर सूरज तकती

(ख) नहीं भेद कुछ _____ में, इनकी _____ है दिग–दिगंत

(ग) सर्दी हो या गर्मी, हो नित अपनी _____ का ही खाते।

(घ) खट्टे–मीठे फल खाकर ये प्रातः _____ सुनाते।

**2. मिलान कीजिए –** **(याद रखना)**




**3. दिए गए अनुच्छेद में विराम चिह्न का प्रयोग कीजिए –** **(अनुप्रयोग करना)**

मेरी यह यात्रा आगे बढ़ती रही वनों कंदराओं में से लम्बा सफर तय करने के बाद मैं अपने लक्ष्य समुद्र तक पहुँची लोग मुझे जीवनदायिनी कहते हैं जल बिना तो जीवन की कल्पना ही असंभव हैं मैं मानव हित में बहती हूँ जानते हो

**4. निम्न समूहों में जो अलग है उस पर घेरा (O) लगाइए –** **(समझना)**

| | | | |
|---|---|---|---|
| **चाँद** | **तारे** | **सूरज** | **कुआँ** |
| **गाय** | **भैंस** | **शेर** | **बकरी** |
| **गुलाब** | **केला** | **कमल** | **गेंदा** |
| **पैन्सिल** | **पैन** | **बस्ता** | **कलम** |

**5. पद्यांश को पढ़कर निम्न प्रश्नों के उत्तर दीजिए –** **(समझना)**

हमें जलाशय लगते प्यारे,
ये सब जीवन के रखवाले
बादल अमृत जल भर लाते
पोखर झीलें या हो ताल
जहाँ लबालब ये मिलते हैं
वहाँ न होता कभी अकाल।
ये सुकाल के सेतु इनसे,
सबके हैं वारे–न्यारे
हमें जलाशय लगते प्यारे।

**(क) मिलान कीजिए –**

| | |
|---|---|
| जलाशय | बलवान या ताकतवर |
| सेतु | अच्छा समय |
| सुकाल | कुआँ |
| कूप | पुल |
| सबल | जल से भरा हुआ गहरा स्थान,तालाब |

**(ख) सुकाल का सेतु किसे बताया गया है ?**

.....

.....

**(ग) जल के क्या–क्या उपयोग हैं ? अगर प्रकृति में जल नहीं रहेगा तो हमारे जीवन पर क्या–क्या प्रभाव पड़ेगा ?**

.....

.....

**(घ) वर्षा कैसे होती है ?**

.....

.....

**(ङ) पानी**

.....

.....

**6. दिए गए गद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए –** **(समझना)**

मैं नीम हूँ। मैं मनुष्यों के बहुत काम आता हूँ। सबसे पहले तो मैं छाया प्रदान करता हूँ। मेरी छाया में बैठकर पशु–पक्षी तथा थके–हारे मनुष्य आराम करते हैं। मैं वायु को शुद्ध बनाता हूँ, जो साँस लेने और जीवित रहने के लिए आवश्यक होती है।

**(क) गद्यांश में कौन अपना परिचय दे रहा है?**

(अ) बबूल (ब) पीपल (स) नीम (द) केला ( )

**(ख) पेड़ के नीचे कौन–कौन आराम करते हैं?**

(अ) मनुष्य (ब) पशु–पक्षी (स) मनुष्य व पशु–पक्षी (द) इनमें से कोई नहीं ( )

**(ग) पेड़ हमारे लिए क्यों उपयोगी है?**

.....

.....

**(घ) दिए गए गद्यांश का उचित शीर्षक है –**

(अ) नीम का महत्त्व (ब) नीम का पेड़ (स) पेड़ (द) शुद्ध हवा ( )

**(ङ) कोष्ठक में दी गई क्रिया को परिवर्तित कर रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए –**

पेड़ों से हमें शुद्ध वायु ..... । (मिलना)

**7. अनुच्छेद पढ़कर नीचे दिए प्रश्नों के उत्तर दीजिए – (समझना)**

कैलाश और मीना अपने माँ–बाप को बहुत प्यारे थे। माँ ने उनके लिए खीर बनाई। वे दोनों बहुत प्रसन्न हुए। माँ ने खीर ठण्डी होने के लिए रख दी। पर कैलाश से रहा न गया। वह मीना को धोखा देकर रसोई घर में चला गया। खीर खाने लगा। अचानक खीर नीचे गिर गई और वह बहुत घबरा गया। मीना ने देखा और खीर उठाने में मदद की।

**(क) ''मदद करना'' का उपयुक्त मुहावरा है –**

(अ) हाथ जोड़ना (ब) कमर कसना (स) हाथ बँटाना (द) हाथ पाँव फूलना ( )

**(ख) ..... माँ ने बच्चों के लिए बनाई।**

(अ) पूड़ी (ब) खिचड़ी (स) चावल (द) खीर ( )

**(ग) कैलाश के हाथ से खीर कैसे गिरी होगी?**

.....

.....

**8. सही वाक्य पर सही (✓) और गलत वाक्य पर गलत (×) का निशान लगाइए – (समझना)**

(क) सूरज पूर्व दिशा से उदय होता है। ( )

(ख) दिन में तारे दिखाई देते हैं। ( )

(ग) नदियों का पानी सागर में जाकर गिरता है। ( )

(घ) वर्षा होने से वृक्ष सूख जाते हैं। ( )

**9. दिए गए उपकरणों का ईंधन से मिलान कीजिए – (समझना)**



| गैस | लकड़ी | मिट्टी का तेल | बिजली | कोयला |
|---|---|---|---|---|

**(क) कौन से उपकरण से वायु प्रदूषण नहीं होता –**

(अ) चूल्हा (ब) स्टोव (स) हीटर (द) सिगड़ी

**(ख) प्राचीन काल में किस उपकरण का उपयोग होता था –**

(अ) सिगड़ी (ब) चूल्हा (स) स्टोव (द) गैस चूल्हा

**10. दिए गए आधारों के अनुसार वर्ग पहेली पूरी कीजिए –** **(समझना)**

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | ना | 2 | 3 | 4 | | न |
| | ■ | | 5 ना | | ■ | |
| ब | | ■ | ■ | ब | ■ | क |
| ■ | 9 ह | | | ■ | 14 | 15 शा |
| 10 भा | | ■ | 11 | ■ | ■ | |
| | ■ | ■ | 13 | | | |

**ऊपर से नीचे –**

1. तट, छोर
2. राह, मार्ग
3. माँ के पिता
4. अमीर का विलोम
5. नृत्य
7. तरंग
10. रीछ
11. सुई में पिरोते हैं
12. लूण, लवण
15. हमेशा का विलोम

**बायें से दायें –**

1. पुस्तक
4. आकाश
5. नर का स्त्रीलिंग
6. ताकत, बल
9. रोने का विलोम
10. वजन, बोझ
13. गाने वाला
14. दर्पण

**11. दिए गए पद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर हल कीजिए –** **(समझना)**

एक पढ़क्कू बड़े तेज थे, तर्क शास्त्र पढ़ते थे, जहाँ न कोई बात, वहाँ भी नई बात गढ़ते थे।
एक रोज़ वे पड़े फ़िक्र में समझ नहीं कुछ पाए,
''बैल घूमता है कोल्हू में कैसे बिना चलाए''?
कई दिनों तक रहे सोचते, मालिक बड़ा गजब है?
सिखा बैल को रखा इसने, निश्चय कोई ढब है।

**सही शब्द को चुनकर कोष्ठक में लिखिए –**

**(क) पढ़क्कू क्या पढ़ते थे?**

(अ) अर्थशास्त्र (ब) गणित शास्त्र (स) तर्क शास्त्र (द) प्राणी शास्त्र ( )

**(ख) कोल्हू में घुमाया जाता है?**

(अ) घोड़ा (ब) गाय (स) बैल (द) हाथी ( )

**(ग) ढब शब्द का सही विकल्प है –**

(अ) दबना (ब) रोना (स) तरीका (द) गढ़ना ( )

**(घ) नीचे दिए गए शब्दों को सही जगह लिखकर वाक्य पूरा कीजिए –**

**ढब , फ़िक्र**

(अ) कमल का भाई स्कूल से वापस नहीं आया तो उसे बड़ी ..... होने लगी।

(ब) कविता ने राधा को चलने का ..... सिखाया।

**12. नीचे दी गई पहेलियों को पढकर चित्र बनाइए और नाम लिखिए –** **(अनुप्रयोग करना)**

(अ) मैं हूँ चीज नन्ही–सी
लाल काली हरी–सी
मेरा स्वाद चखकर
जीभ बोले सी.सी.सी.

.....

(ब) पेड़ पर लटका राजा

हरा पीला ताजा–ताजा

जो भी उसका नाम बताए

उसका मीठा रस पी जाए

.....

**13. नीचे दिए गए वाक्यों में उचित शब्द चुनकर रिक्त स्थान भरिए – (अनुप्रयोग करना)**

**हुप ऊ , मादा , चौंकना , उड़न खटोले**

(क) सुलेमान बादशाह आकाश में उड़ने वाले अपने ..... पर बैठकर जा रहे थे।

(ख) ..... हुद हुद एक बार में तीन से दस अंडे देती है।

(ग) अंग्रेजी में हुद हुद को ..... कहा जाता है।

(घ) खतरे की आवाज सुनते ही हुद हुद ..... हो जाता है।

**14. शुद्ध शब्द पर घेरा (○) बनाइए – (याद रखना)**

| | | | |
|---|---|---|---|
| (अ) स्वतनत्रता | (ब) स्वतंत्रता | (स) स्वतत्रता | (द) सवतंरता |
| (अ) प्रार्थना | (ब) प्राथर्ना | (स) प्राथना | (द) पराथना |
| (अ) सत्यगृह | (ब) सत्यागृह | (स) सत्याग्रह | (द) सतयागिरह |
| (अ) आसरम | (ब) आशरम | (स) आश्रम | (द) आस्रम |

**15. दिए गए अनुच्छेद में उचित विराम चिह्नों का प्रयोग कीजिए – (अनुप्रयोग करना)**

मेरी यह यात्रा आगे बढ़ती रही वनों कंदराओं में से लम्बा सफर तय करने के बाद मैं अपने लक्ष्य समुन्द्र तक पहुँची लोग मुझे जीवन दायिनी कहते हैं जल के बिना तो जीवन की कल्पना ही असम्भव है

**16. गद्यांश पढ़कर प्रश्नों के उत्तर लिखिए – (समझना)**

एक अन्य व्यक्ति ने कहा ''महल में प्रतिदिन हजारों रुपये इन सुगन्धित वस्त्रों, मनोरंजन और महल की सजावट में खर्च होते हैं। यदि इन रुपयों में से ही थोड़ा–सा धन ज़रुरतमंदों को मिल जाए तो उन दुखियों की जान बच जाएगी।'' यह सुनकर राजा को क्रोध आ गया। वह गुस्से से बोला ''खुद भिखारी होकर मुझे उपदेश दे रहे हो ? मेरा रुपया है मैं चाहे उसे उबालकर खाऊँ चाहे तलकर। मेरी मर्ज़ी। तुम अगर इसी तरह बकवास करोगे तो मुश्किल में पड़ जाओगे। इसलिए इसी वक्त तुम चुपचाप खिसक जाओ।''

**(क) राजा अपना धन कैसे खर्च करता था ?**

.....

.....


**(ख) राजा को किस बात पर क्रोध आ गया ?**

.....


.....

## अधिगम क्षेत्र : लिखना

1. चित्र देखकर आपको क्या लग रहा है ? 4–5 वाक्यों में लिखिए। (समझना)



2. जंगल में क्रिकेट खेल कैसे हुआ होगा ? सोचकर लिखिए – (अनुप्रयोग करना)



3. आपके विचार से नदियों का हमारे जीवन में क्या महत्त्व है ? लिखिए। (अनुप्रयोग करना)

4. दिए गए शब्दों का वाक्य में प्रयोग कीजिए – (अनुप्रयोग करना)

सर्वश्रेष्ठ –

पथ –

5. किसी त्योहार के बारे में लिखिए – (अनुप्रयोग करना)

6. आप अपने विद्यालय में 26 जनवरी (गणतन्त्र दिवस) कैसे मनाते हैं ? चित्र बनाकर उसके बारे में लिखिए– (अनुप्रयोग करना)

| | |
|---|---|
| | |

7. आप अगर महात्मा गाँधी जी की जगह होते तो आप क्या–क्या करते ? (अनुप्रयोग करना)

8. दिए गए शब्दों का प्रयोग करते हुए एक कहानी बनाकर लिखिए एवं चित्रांकन भी कीजिए – (अनुप्रयोग करना)

**जंगल , बारिश , चूहा , शेर , तालाब , कछुआ**

एक बार की बात है एक घना जंगल था। जंगल में .....

.....

.....

.....

.....

.....

.....

.....

.....

.....

9. जो देख नहीं सकते या जो चल नहीं सकते उन्हें किस–किस प्रकार की परेशानी होती होगी? लिखिए तथा उनके साथ लोगों को कैसा व्यवहार करना चाहिए? अपने विचार लिखिए। (अनुप्रयोग करना)

.....

.....

.....

.....

.....

.....

.....

.....

10. नीचे दिए चित्रों पर पहेली बनाकर लिखिए – (अनुप्रयोग करना)




.....

.....

.....

.....

.....




.....

.....

.....

.....

.....



.....

.....

.....

.....

.....

11. यदि आप नदी होते, तो क्या–क्या करते, कहानी बनाकर लिखिए – (अनुप्रयोग करना)

12. आपको किसी ऐसे व्यक्ति के बारे में जानकारी (साक्षात्कार) लेनी है, जो देख नहीं सकता। उसके लिए 8 प्रश्न बनाकर लिखिए। (अनुप्रयोग करना)

13. अपने किसी एक ऐसे दोस्त के बारे में अपनी माँ को एक पत्र लिखिए जो हमेशा आपकी मदद करता है। (अनुप्रयोग करना)

प्यारी माँ .....

आपका / आपकी

.....

.....

14. चित्र देखकर वाक्य लिखिए – (अनुप्रयोग करना)



.....

.....



.....

.....



.....

.....



.....

.....

15. नीचे दिए चित्र में कौन–कौनसी सब्जियाँ हैं, इनमें से आपको कौन–सी पसंद है और क्यों? (समझना)



.....

.....

.....

.....

.....

.....

.....

16. अधूरी कहानी पूरी कीजिए – (अनुप्रयोग करना)

एक बार की बात है। हिरण और बन्दर पेड़ के नीचे खेल रहे थे। अचानक उनके पास एक .....

.....

.....

.....

.....

.....

.....


17. **अपने मन पसन्द खेल के बारे में लिखिए –** **(याद रखना)**

खेल का नाम .....

खेल सामग्री .....

खेल का तरीका .....

18. **दिए गए चित्र दृश्य को देखकर कहानी बनाइए –** **(अनुप्रयोग करना)**



19. अपने मनपसंद पक्षी का चित्र बनाकर उसके बारे में लिखिए – (याद रखना)

20. अगर आप बाज़ार से कोई सामान खरीद कर लाते हैं और दुकानदार उसके ज़्यादा दाम ले ले तो आप उसके साथ क्या–क्या बातचीत करेंगे, संवाद के रूप में लिखिए – (अनुप्रयोग करना)

आप :

दुकानदार :

आप :

दुकानदार :

आप :

दुकानदार :

21. यदि आपको कभी रसगुल्ला खाने का मन करे तो आप उसके लिए क्या–क्या करेंगे? कहानी के रूप में लिखिए। (समझना)

22. **किसी एक पक्षी का नाम लिखते हुए उसकी विशेषताओं के बारे में लिखिए –** **(याद रखना)**

पक्षी का नाम : .....

रंग : .....

विशेषता : .....

आपने कहाँ देखा है : .....

उसे क्या खाना पसंद है : .....

वह कैसे बोलता/बोलती है : .....

आपको उसकी कौनसी बात सबसे ज़्यादा अच्छी लगी : .....

.....

## अधिगम क्षेत्र : व्याकरण

1. **न्याय में अधीश जोड़कर न्यायाधीश बनता है।आप भी नीचे लिखे शब्दों में अधीश शब्द जोड़कर नए शब्द बनाइए –** **(समझना)**


| **शब्द** | **संधियुक्त शब्द** |
|---|---|
| **जिला** | **जिलाधीश** |
| मठ | |
| द्वारिका | |
| गण | |

2. **दिए गए शब्दों को मिलाकर एक शब्द बनाइए –** **(समझना)**

**हिम.+आलय = हिमालय** **विद्या.+आलय =** .....

**अनाथ +आलय =** ..... **देव +आलय =** .....

3. **उदाहरण के अनुसार नवीन शब्द बनाकर लिखिए –** **(समझना)**



**4. नीचे लिखे गए शब्दों का वाक्यों में प्रयोग कीजिए –** **(अनुप्रयोग करना)**

बिलोना .....

घोलना .....

फेंटना .....

मिलाना .....

**5.** "माँ **तुम** कितनी अच्छी हो" **तुम** शब्द के प्रयोग से वाक्य बनाया गया है। इसी प्रकार आप भी दिए गए शब्दों से वाक्य बनाइए – **(अनुप्रयोग करना)**

मैं – .....

यहाँ – .....

आप – .....

उनके – .....

**6. दिए गए वाक्यों को शुद्ध करके लिखिए –** **(समझना)**

(क) मीना पत्र लिखता है। .....

(ख) मोनू साइकिल चलाती है। .....

(ग) घोड़ा घास खाती है। .....

(घ) बिल्ली दूध पीता है। .....

**7. दिए गए चित्रों के नाम एवं समानार्थी शब्द लिखिए –** **(अनुप्रयोग करना)**






..... ..... ..... .....

..... ..... ..... .....

..... ..... ..... .....

**8. नीचे दिए गए वाक्यों में रेखांकित शब्दों के विलोम शब्द लिखकर वाक्य पूरे कीजिए –** **(समझना)**

(क) <u>दिन</u> में सूरज व ..... में चाँद निकलता है।

(ख) तरबूज <u>बाहर</u> से हरा और अंदर से ..... होता है।

(ग) मैं <u>आज</u> स्कूल जाऊँगा लेकिन ..... नहीं जाऊँगा।

(घ) बारिश आने पर आँगन <u>गीला</u> हो गया पर सूरज आने पर ..... गया।

**9. दिए गए उदाहरण के आधार पर काल के अनुसार क्रियाओं के रूप बदल कर वाक्य बनाइए –**

**(अनुप्रयोग करना)**

| **क्रिया शब्द** | | |
|---|---|---|
| दौड़ना | दौड़ता है। | दौड़ेगा |
| | मोहन दौड़ता है। | मोहन दौड़ेगा |
| लिखना | | |
| खाना | | खाएगा |
| खेलना | | |

**10. उचित मुहावरों का प्रयोग करके वाक्य पूरा कीजिए –** **(अनुप्रयोग करना)**

**( उल्लू बनाना, अँगूठा दिखाना, गागर में सागर भरना, हाथ मलना, कान खड़े होना )**

(क) मुझे ..... आसान काम नहीं।

(ख) जरा सी आहट हुई और शेर के ..... हो गए।

(ग) कवि बिहारी ने अपने दोहों में ..... भर डाला है।

(घ) समय रहते पढ़ाई नहीं की तो अब ..... का क्या फायदा है।

(ङ) कल मैंने अपने दोस्त से साइकिल माँगी तो उसने ..... दिखा दिया।

**11. जिस प्रकार अध्यापक को शिक्षक गुरु भी कहते हैं, उसी प्रकार नीचे दिए गए शब्दों को और किन–किन नामों से जाना जाता है।** **(याद रखना)**

| | **शब्द** | | **पर्यायवाची शब्द** | | |
|---|---|---|---|---|---|
| (क) | पानी | – | ..... | ..... | ..... |
| (ख) | घर | – | ..... | ..... | ..... |
| (ग) | हवा | – | ..... | ..... | ..... |
| (घ) | बादल | – | ..... | ..... | ..... |

**12. रेखांकित संज्ञा शब्दों के लिए उचित सर्वनाम का प्रयोग करके वाक्य पुनः लिखिए –** **(समझना)**

**(क) राजेश अपनी माँ के साथ बाज़ार गया।**

.....

.....

**(ख) मीना मेले में गई। मीना मेले से भाई के लिए खिलौना लेकर आई।**

.....

.....

**(ग) चंपक बच्चों की पत्रिका है। चंपक में बच्चों के लिए मज़ेदार कहानियाँ हैं।**

.....

.....

**(घ) रानी ने आज नीली साड़ी पहनी, रानी की साड़ी सुन्दर है।**

.....

.....

**13. चित्रों का मिलान सही पर्यायवाची शब्दों से कीजिए –** (समझना)





| | | |
|---|---|---|
| कमल | जलज | पंकज |
| फूल | पुष्प | सुमन |
| आँख | नेत्र | नयन |
| चाँद | शशि | चन्द्रमा |
| पर्वत | पहाड़ | गिरि |







**14. ( ं , ँ ) इनका सही जगह पर प्रयोग कीजिए –** (अनुप्रयोग करना)

धुआ ..... शकर ..... पलग ..... दात .....

चन्द्रमा ..... पतग ..... आख ..... हसना .....

आगन ..... कगन ..... गगा .....

**15. उपयुक्त शब्द से वाक्य पूरे कीजिए –** (समझना)

**करारे , चटपटे , मीठी , ठण्डी , रसीला , ठण्डा , गरम , सफेद , अंकुरित**

(क) ..... गोलगप्पे (ख) ..... कुरकुरे

(ग) ..... आइसक्रीम (घ) ..... आम

(ङ) ..... शरबत (च) ..... दूध

(छ) ..... समोसे (ज) ..... दाल

(झ) ..... जलेबी

**16. दिए गए आधारों के अनुसार वर्ग पहेली पूरी कीजिए –** (समझना)

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | ना | 2 का | 3 | 4 | | 5 आ |
| | | | क | | | |
| नी | | | | बें | | |
| | 8 हँ | | | | | न |
| 9 भा | | | | | 6 | र |
| | 7 ब | | 10 | छ | | |

**ऊपर से नीचे –**

1. शेर का स्त्रीलिंग
2. सफेद का विलोम
3. अमीर का विलोम
4. किताब का बहुवचन
5. आकाश

**बायें से दायें –**

6. मादा का पुल्लिग
7. ताकत, बल
8. रोने का विलोम
9. भ्राता
10. मछली का बहुवचन

**17. सही अर्थ से मिलान कीजिए –** **(याद रखना)**

| | |
|---|---|
| अपना उल्लू सीधा करना | किसी बात का असर न होना |
| अँगूठा दिखाना | अपना काम निकालना |
| खोदा पहाड़ निकली चुहिया | ऐन वक्त पर मना कर देना |
| चिकना घड़ा | ज़्यादा मेहनत का थोड़ा फल |

**18. उचित शब्दों/वाक्यांशों का प्रयोग करते हुए वाक्य पूरे कीजिए –** **(अनुप्रयोग करना)**

**(चमक आना,नौ दो ग्यारह होना,होश उड़ना,पानी फेरना,पसीना बहाना)**

(क) उसने तो मेरी आशाओं पर ..... दिया।

(ख) पुलिस को देखते ही चोर ..... हो गए।

(ग) गाड़ी को अपने सामने आता देख मेरे दोस्त के ..... उड़ गए।

(घ) बाज़ार जाने की बात से उसकी आँखों में ..... आ गई।

(ङ) मज़दूर दिन–रात अपना ..... बहाते हैं।

**19. दिए गए वाक्यों में क्रिया शब्दों के नीचे रेखा बनाइए –** **(समझना)**

(क) हम कल मुम्बई जाएंगे। (ख) धोबी कपड़े धो रहा है।

(ग) मैंने कल पत्र लिखा था। (घ) चिड़िया उड़ रही है।

(ङ) राम और राधा पढ़ रहे हैं।

**20. दिए गए वाक्यों का काल परिवर्तन कर पुनः वाक्य लिखिए –** **(समझना)**

**(क) मीना बाजार गई थी।** **(भविष्य काल)**

.....

**(ख) घड़ी में कितने बजे होंगे।** **(वर्तमान काल)**

.....

**(ग) बादल गरज रहे हैं।** **(भूतकाल)**

.....

**21. सुन्दर ,गर्दन,पन्द्रह,महाराष्ट्र में 'र' को अलग अलग रूपों में लिखा गया है। आप भी इसी प्रकार के नए शब्द बनाकर लिखिए –** **(अनुप्रयोग करना)**

| शब्द | र के प्रकार | नए शब्द |
|---|---|---|
| सुंदर | र | |
| गर्दन | ◌र्द | |
| पन्द्रह | ◌्द्र | |
| महाराष्ट्र | ◌्ट्र | |

## अधिगम क्षेत्र : सृजनात्मक अभिव्यक्ति

1. खेती बाड़ी में काम में आने वाले साधनों के चित्र बनाइए – (समझना)

2. इन्द्रधनुष का चित्र बनाकर रंग भरिए – (अनुप्रयोग करना)

3. नीचे लिखी पहेली को पढ़कर चित्र बनाते हुए नाम लिखिए – (समझना)

ठंडा पानी भरकर मुँह में, हर दम बैठा रहता हूँ पर सेवा को धर्म मानकर गर्म आँच भी सहता हूँ।

.....

4. दिए गए चित्र को देखकर कहानी लिखिए – (अनुप्रयोग करना)



5. दी गई कविता का चित्रांकन कीजिए – (समझना)

| | |
|---|---|
| बागों में हैं फूल खिले<br>देखो कितने फूल खिले<br>तितली रानी आओ –आओ, तितली रानी आओ<br>मोर राजा तुम भी आओ<br>झूम झूम कर नाच दिखाओ –2<br>कोयल तुम भी आओ,<br>मीठा अपना गीत सुनाओ । | |

6. पढ़ी एवं सुनी कहानी का चित्रांकन कीजिए तथा कहानी का नाम भी लिखिए – (समझना)

7. किसी मेले का चित्रांकन कर रंग भरिए एवं अपने अनुभव लिखिए – (समझना)

8. जल को बचाने के लिए लोगों को जागरूक बनाने हेतु दो स्लोगन (नारे) तैयार कीजिए– (अनुप्रयोग करना)

जल ही
जीवन है।

# प्रश्न बैंक निर्माण ब्लूप्रिंट

| क्र | अधिगम क्षेत्र | अधिगम क्षेत्र से जुड़ा उपसूचक | प्रश्न क्रमांक | एण्डरसन टैक्सोनोमि के अन्तर्गत कौशल/उद्देश्य |
|---|---|---|---|---|
| कक्षा–1 व 2 | **सुनकर सुनना एवं समझना** | सुनी गयी कविता/कहानी को हाव–भाव के साथ अपने शब्दों में आत्मविश्वास के साथ कह पाना। | 1 | याद रखना |
| | | सुनी गयी कविता के प्रश्नों के मौखिक उत्तर दे पाना। | 2 | समझना |
| | | समूह चर्चा के दौरान तर्क के साथ अपने विचार रख पाना एवं दूसरे के विचारों को सुनने की क्षमता का विकास कर पाना। | 14,15 | समझना |
| | | विषयवस्तु से संबंधित क्या, क्यों, कैसे वाले प्रश्न बना पाना एवं पूछने की क्षमता का विकास कर पाना। | 3 | समझना |
| | | सुनी गयी या पढ़ी कविता/कहानी को अपने शब्दों में आत्मविश्वास के साथ सुना पाना। | 4, 5 | याद रखना |
| | | संवाद एवं नाटक के मंचन के अवसर पर अपने विचार रख पाना एवं दूसरे के विचारों को सुनने की क्षमता का विकास कर पाना। | 13 | अनुप्रयोग करना |
| | | विषयवस्तु से संबंधित क्या, क्यों, कैसे वाले प्रश्नों के उत्तर दे पाना। | 6,7 | समझना |
| | | विषयवस्तु से संबंधित क्या, क्यों, कैसे वाले प्रश्न बना पाना एवं पूछने की क्षमता का विकास कर पाना एवं कल्पना आधारित प्रश्नों के उत्तर दे पाना। | 8,9,10, 11,12 | याद रखना, समझना |
| | **पढ़ना एवं पढ़कर समझना** | विभिन्न प्रकार की परिवेशीय शब्दावली को पढ़कर संदर्भ के अनुसार जोड़ते हुए अर्थ ग्रहण कर पाना। | 1 | समझना |
| | | गद्य एवं पद्य को पढ़कर संबंधित प्रश्नों के उत्तर दे पाना। | 2,3,4 | समझना |
| | | विकल्प आधारित प्रश्नों के उत्तर दे पाना। | 5 | याद रखना |
| | | विविध पकार की वस्तुओं को बनाने की विधि/निर्देशों को पढ़कर समझ पाना एवं उपयोग कर पाना। | 6 | समझना |
| | | पहेलियों को हल कर पाना। | 7,8 | समझना |
| | | वस्तुओं को बनाने एवं खेलने की विधि को बता पाना। | 9 | समझना |
| | | विभिन्न परिवेशीय शब्दावली को पढ़कर अर्थ ग्रहण कर प्रयोग कर पाना। | 10,11 | समझना |
| | | पाठ्यसामग्री को पढ़कर मुख्य विचार ग्रहण कर प्रश्न हल कर पाना। | 12,13,17 | समझना |
| | | परिवेशीय शब्दों का इस्तेमाल कर पाना। | 14 | अनुप्रयोग करना |
| | | विभिन्न प्रकार की सामग्री को पढ़कर अर्थ ग्रहण कर पाना एवं चित्रांकन कर पाना। | 15 | समझना |
| | | विभिन्न प्रकार की सामग्री को पढ़कर उचित शब्दावली का प्रयोग कर पाना | 16 | अनुप्रयोग करना |
| | | सही शब्दों का प्रयोग कर पाना। | 18 | समझना |
| | **लेखन** | क्रियात्मक शब्दों से वाक्य निर्मित कर पाना। | 1 | अनुप्रयोग करना |
| | | चित्रों पर क्रमबद्धता के साथ कहानी सृजन कर लिख पाना। | 2 | अनुप्रयोग करना |
| | | उपयुक्त दूरी और स्पष्टता के साथ अपने अनुभव को व्यक्त कर पाना। | 3 | याद रखना |
| | | विषय के अनुसार विचार लेखन कर पाना। | 4 | समझना |
| | | कल्पना के आधार पर अपने विचारों को व्यवस्थित कर पाना। | 5 | अनुप्रयोग करना |
| | | मेले, त्योहार आदि के अनुभव को अपने शब्दों में लिख पाना। | 6 | याद रखना |
| | | चित्र दृश्य के आधार पर कविता सृजन कर पाना। | 7 | अनुप्रयोग करना |

| क्र. | अधिगम क्षेत्र | अधिगम क्षेत्र से जुड़ा उपसूचक | प्रश्न क्रमांक | एण्डरसन टैक्सोनोमि के अन्तर्गत कौशल/उद्देश्य |
|---|---|---|---|---|
| | | विविध प्रकार की जानकारी प्राप्त करने हेतु प्रश्नावली तैयार कर पाना। | 8 | अनुप्रयोग करना |
| | | मेले/त्योहार/दर्शनीय स्थल के बारे में जानकारी का लेखन कर पाना। | 9 | समझना |
| | | नवीन शब्दावली को पढ़कर समझना एवं वाक्य में प्रयोग कर पाना। | 10 | अनुप्रयोग करना |
| | | विभिन्न प्रकार की वस्तुओं के उपयोग का लेखन कर पाना। | 11 | समझना |
| | | कल्पना के आधार पर अपने अनुभवों का लेखन कर पाना। | 12, 13 | अनुप्रयोग करना, समझना |
| | | क्या, क्यों, कैस वाले प्रश्नों के उत्तर पूर्ण वाक्यों में दे पाना। | 14 | समझना |
| | | उपयुक्त दूरी एवं सीधी लाइन में स्पष्टता के साथ विषय के अनुसार विचारों एवं अनुभवों को अपने शब्दों में लिख पाना। | 15 | अनुप्रयोग करना |
| | | विभिन्न विषयवस्तुओं पर आधारित विचारों का लेखन कर पाना। | 16 | अनुप्रयोग करना |
| | | विषयवस्तु को पढकर उत्तर दे पाना। | 17 | समझना |
| | | कल्पना के आधार पर अपने विचारों को व्यवस्थित कर पाना। | 18 | अनुप्रयोग करना |
| | | संदर्भ के अनुसार प्रश्नों का निर्माण कर पाना। | 19 | अनुप्रयोग करना |
| | | संदर्भ के अनुसार कल्पना कर लिख पाना। | 20 | अनुप्रयोग करना |
| | | चित्रों की क्रमबद्धता के आधार पर कहानी का सृजन कर पाना। | 21 | अनुप्रयोग करना |
| | | चित्र के अनुसार विचार लेखन कर पाना। | 22 | अनुप्रयोग करना |
| | | संदर्भ के अनुसार संवाद लेखन कर पाना। | 23 | अनुप्रयोग करना |
| | | आपसी विचार विमर्श को स्वयं कल्पना कर लिख पाना। | 24 | समझना |
| | | स्वयं के विचारों का लेखन कर पाना। | 25 | समझना |
| | **व्याकरण** | विविध प्रकार की विशेषण युक्त शब्दावली को समझ पाना। | 1 | समझना |
| | | मुहावरों को समझ पाना। | 2 | समझना |
| | | मुहावरों को समझ कर वाक्यों में प्रयोग कर पाना। | 3 | अनुप्रयोग करना |
| | | समझ के साथ वचन बदल पाना। | 4, 5, 6 | समझना, याद रखना |
| | | उपसर्ग को पहचान कर प्रयोग कर पाना। | 7 | अनुप्रयोग करना |
| | | वचन, लिंग शब्दों की समझ के साथ वाक्यों में प्रयोग कर पाना। | 8, 9 | समझना, अनुप्रयोग करना |
| | | क्रिया की पहचान कर पाना। | 10 | समझना |
| | | विशेषण की पहचान कर पाना। | 11 | समझना |
| | | विशेषण की पहचान कर वाक्य प्रयोग कर पाना। | 12 | अनुप्रयोग करना |
| | | विशेषण शब्दों का सही प्रयोग कर पाना। | 13 | समझना |
| | | सर्वनाम की पहचान कर सही प्रयोग कर पाना। | 14 | अनुप्रयोग करना |
| | | विराम चिह्नों को पहचान कर उपयुक्त चिह्न का प्रयोग कर पाना। | 15 | अनुप्रयोग करना |
| | | विलोम शब्दों को समझ कर प्रयोग कर पाना। | 16 | समझना |
| | | वर्तनी की शुद्धता को समझ पाना। | 17 | समझना |
| | | विराम चिह्नों का प्रयोग कर पाना। | 18, 19 | अनुप्रयोग करना |
| | | विविध विधाओं में विराम चिह्न प्रयोग कर पाना। | 20 | अनुप्रयोग करना |
| | | विलोम शब्दों की पहचान कर पाना। | 21, 22 | याद रखना, समझना |
| | | वचन, लिंग शब्दों का समझ के साथ वाक्यों में प्रयोग कर पाना। | 23, 24 | समझना |
| | | नवीन शब्दावली का वाक्यों में प्रयोग कर पाना। | 25 | अनुप्रयोग करना |
| | | "र" के विविध रूपों को समझ पाना एवं लेखन में प्रयोग कर पाना। | 26, 27 | अनुप्रयोग करना, समझना |

| क्रम | अधिगम क्षेत्र | अधिगम क्षेत्र से जुड़ा उपसूचक | प्रश्न क्रमांक | एण्डरसन टैक्सोनोमि के अन्तर्गत कौशल/उद्देश्य |
|---|---|---|---|---|
| | | वाक्यांश के लिए एक शब्द का प्रयोग कर पाना। | 28 | याद रखना |
| | | विशेषण की पहचान कर पाना एवं प्रयोग कर पाना। | 29 | समझना |
| | | मुहावरों के अर्थ को समझते हुए वाक्य में प्रयोग कर पाना। | 30 | अनुप्रयोग करना |
| | | सर्वनाम का प्रयोग कर पाना। | 31 | समझना |
| | | कारक चिह्नों का प्रयोग कर पाना। | 32 | अनुप्रयोग करना |
| | | चित्र के आधार पर कार्यो का सूचीकरण कर पाना। | 33 | याद रखना |
| | | निर्देशानुसार विचारों का लेखन कर पाना। | 34 | अनुप्रयोग करना |
| | | विभिन्न दर्शनीय स्थलों को सूचीबद्ध कर पाना। | 35 | अनुप्रयोग करना |
| | | अनुस्वार,अनुनासिक शब्दों का समझ के साथ प्रयोग कर पाना। | 36 | अनुप्रयोग करना |
| | | संज्ञा, सर्वनाम व क्रिया को समझकर विभेदीकरण कर पाना। | 37 | अनुप्रयोग करना |
| | | पर्यायवाची शब्दों की पहचान एवं प्रयोग कर पाना। | 38 | समझना |
| | | क्रिया शब्दों का वाक्यों में प्रयोग कर पाना। | 39 | समझना |
| | **सृजनात्मक अभिव्यक्ति** | निर्देशानुसार विचारों का लेखन कर पाना। | 1 | अनुप्रयोग करना |
| | | विभिन्न दर्शनीय स्थलों को सूचीबद्ध कर पाना। | 2 | समझना |
| | | निर्देशानुसार चित्रांकन कर पाना। | 3 | समझना |
| | | पहेली आदि को पढ़कर समझना एवं चित्रांकन कर पाना। | 4 | समझना |
| **कर्म–3 व 4** | **सुनना एवं सुनकर समझना** | सुनी गयी कविता/कहानी/घटना/पहेली को अपने शब्दों में आत्मविश्वास के साथ कह पाना। | 1 | याद रखना |
| | | विषयवस्तु से संबंधित क्या, क्यों, कैसे वाले प्रश्न बना पाना एवं पूछने की क्षमता का विकास कर पाना। | 2 | समझना |
| | | पूर्व ज्ञान पर आधारित प्रश्नों के उत्तर आत्मविश्वास के साथ दे पाना। | 3 | समझना |
| | | विषयवस्तु से संबंधित क्या, क्यों, कैसे वाले प्रश्न बना पाना एवं पूछने की क्षमता का विकास कर पाना। | 4 | याद रखना |
| | | पूर्व ज्ञान पर आधारित प्रश्नों के उत्तर आत्मविश्वास के साथ दे पाना। | 5 | याद रखना |
| | | पूर्व ज्ञान के आधार पर कल्पनात्मक प्रश्नों के जवाब दे पाना एवं किसी विषयवस्तु पर कार्ययोजना बनाकर बता पाना। | 6 | अनुप्रयोग करना |
| | | किसी विषवस्तु पर प्रश्नावली तैयार कर पाना एवं दिए गए प्रश्नों के उत्तर पूरे आत्म विश्वास के साथ बता पाना। | 7 | अनुप्रयोग करना |
| | | किसी चित्र दृश्य पर समूह में अपनी राय दे पाना एवं तार्किक रूप से उत्तर दे पाना। | 20 | समझना |
| | | विषयवस्तु से संबंधित क्या, क्यों, कैसे वाले प्रश्न बना पाना एवं पूछने की क्षमता का विकास कर पाना। | 12,13 | याद रखना |
| | | सुनी गयी कविता,कहानी/आत्म कथा का भाव अपने शब्दों में आत्म विश्वास के साथ कह पाना। | 9,10,11,14 | याद रखना |
| | | समूह चर्चा में तर्क के साथ अपने विचार रख पाना एवं दूसरे के विचारों को सुनने की क्षमता का विकास कर पाना तथा मुख्य भाव तक पहुँच पाना। | 19 | समझना |
| | | पठित सामग्री से संबंधित प्रश्नों के उत्तर दे पाना। | 15,16 | याद रखना, समझना |
| | | कविता/कहानी का सृजन कर पाना। | 17 | अनुप्रयोग करना |
| | | भाषा की शोभा बढ़ाने वाले शब्दों का अनुप्रयोग कर सके जैसे मुहावरों के बारे में बता सके एवं उपयोग कर पाना। | 18 | अनुप्रयोग करना |

| क्र. | अधिगम क्षेत्र | अधिगम क्षेत्र से जुड़ा उपसूचक | प्रश्न क्रमांक | एण्डरसन टैक्सोनोमि के अन्तर्गत कौशल/उद्देश्य |
|---|---|---|---|---|
| | **पढ़ना एवं पढ़कर समझना** | विभिन्न प्रकार की सामग्री को पढ़कर संदर्भ के साथ अर्थ ग्रहण कर पाना। | 1 | अनुप्रयोग करना |
| | | नवीन शब्दावली के अर्थों को समझ पाना एवं प्रयोग कर पाना। | 2 | याद रखना |
| | | विषय वस्तु के अंतर्गत विराम चिह्न प्रयोग को समझना एवं अनुप्रयोग कर पाना। | 3,15 | अनुप्रयोग करना |
| | | समूहों में से अलग को समझ के साथ पहचान पाना। | 4 | समझना |
| | | पाठ्य सामग्री को पढ़कर अर्थ ग्रहण करना एवं प्रश्नों के उत्तर देना। | 5, 6 | समझना |
| | | प्रसंग को पढ़कर स्वयं प्रश्नों के उत्तर देना। | 7 | समझना |
| | | वाक्यों को पढ़कर समझ पाना एवं सही चयन कर पाना। | 8 | समझना |
| | | संदर्भ के अनुसार सही चयन कर पाना। | 9 | समझना |
| | | वर्गपहेली समझकर हल कर पाना। | 10 | समझना |
| | | गद्य/पद्य को पढ़कर समझ पाना एवं प्रश्नोत्तर हल कर पाना। | 11,16 | समझना |
| | | पहेलियों को पढ़कर समझ पाना एवं चित्रित कर पाना। | 12 | अनुप्रयोग करना |
| | | प्रसंगानुसार उचित शब्दावली का चयन कर पाना। | 13 | अनुप्रयोग करना |
| | | सही वर्तनी का चयन कर पाना। | 14 | याद रखना |
| | **लेखन** | कल्पना के आधार पर अपने विचारों को लिख पाना। | 1 | समझना |
| | | पठित विषयवस्तु से संबंधित राय या विचार को प्रस्तुत कर पाना। | 2 | अनुप्रयोग करना |
| | | अनुमान एवं कल्पना के आधार पर लेखन कर पाना। | 3 | अनुप्रयोग करना |
| | | नवीन शब्दावली के अर्थों को समझ पाना एवं प्रयोग कर पाना। | 4 | अनुप्रयोग करना |
| | | उपयुक्त दूरी व सीधी रेखा में स्पष्टता के साथ विषय के अनुसार अनुभवों का लेखन कर पाना। | 5 | अनुप्रयोग करना |
| | | उपयुक्त दूरी व सीधी रेखा में स्पष्टता के साथ विषय के अनुसार अनुभवों का लेखन कर पाना। | 6 | अनुप्रयोग करना |
| | | पूर्व अनुभव पर आधारित विचारों का लेखन कर पाना। | 7 | अनुप्रयोग करना |
| | | कल्पना एवं अनुभव के आधार पर विचारों का लेखन कर पाना। | 8 | अनुप्रयोग करना |
| | | अनुभवों के आधार पर नए प्रसंग का लेखन कर पाना। | 9 | अनुप्रयोग करना |
| | | पहेलियों का निर्माण कर पाना। | 10 | अनुप्रयोग करना |
| | | नवीन प्रसंग में कल्पनात्मक लेखन कर पाना। | 11 | अनुप्रयोग करना |
| | | जानकारी हेतु प्रश्नों का निर्माण कर पाना। | 12 | अनुप्रयोग करना |
| | | पत्र लेखन कर पाना। | 13 | अनुप्रयोग करना |
| | | चित्रों के आधार पर वाक्य सृजन कर पाना। | 14 | अनुप्रयोग करना |
| | | स्वयं की पसंद को लिख पाना। | 15 | समझना |
| | | अधूरी कहानी पूरी कर पाना। | 16 | अनुप्रयोग करना |
| | | अपनी पसंद के बारे में विस्तार से लिख पाना। | 17 | याद रखना |
| | | कहानी का सृजन कर पाना। | 18 | अनुप्रयोग करना |
| | | पसंद का चित्रांकन कर लिख पाना। | 19 | याद रखना |
| | | संवाद लिख पाना। | 20 | अनुप्रयोग करना |
| | | कहानी का सृजन कर पाना। | 21 | समझना |
| | | विशेषताओं के साथ वर्णनात्मक लेखन कर पाना। | 22 | याद रखना |

| क्र. | अधिगम क्षेत्र | अधिगम क्षेत्र से जुड़ा उपसूचक | प्रश्न क्रमांक | एण्डरसन टैक्सोनोमि के अन्तर्गत कौशल/उद्देश्य |
|---|---|---|---|---|
| | **व्याकरण** | प्रत्यय एवं उपसर्ग का समझ पाना। | 1 | समझना |
| | | संधि शब्दों का अनुप्रयोग कर पाना। | 2 | समझना |
| | | प्रत्यय एवं उपसर्ग का समझ पाना। | 3 | समझना |
| | | परिचित शब्दों का अनुप्रयोग कर वाक्य बना पाना। | 4 | अनुप्रयोग करना |
| | | सर्वनाम शब्दों का वाक्यों में प्रयोग कर पाना। | 5 | अनुप्रयोग करना |
| | | वाक्यों को व्याकरणिक नियमों के आधार पर शुद्ध कर पाना। | 6 | समझना |
| | | समानार्थी शब्दों से परिचित हो पाना। | 7 | अनुप्रयोग करना |
| | | विलोम शब्दों का समझ के साथ प्रयोग कर पाना। | 8 | समझना |
| | | क्रिया शब्दों को समझ पाना। | 9 | अनुप्रयोग करना |
| | | मुहावरों की समझ एवं उपयोग कर पाना। | 10 | अनुप्रयोग करना |
| | | पर्यायवाची शब्दों का अनुप्रयोग कर पाना। | 11 | याद रखना |
| | | सर्वनाम का उपयोग कर पाना। | 12 | समझना |
| | | पर्यायवाची शब्दों को समझ पाना। | 13 | समझना |
| | | अनुस्वार व अनुनासिक श्शब्दों की पहचान के साथ प्रयोग कर पाना। | 14 | अनुप्रयोग करना |
| | | विशेषण का सही उपयोग कर पाना। | 15 | समझना |
| | | वर्ग पहेली के माध्यम से विलोम, वचन आदि को समझ पाना। | 16 | समझना |
| | | मुहावरों का अर्थ समझ पाना। | 17 | याद रखना |
| | | मुहावरों का वाक्यों में प्रयोग कर पाना। | 18 | अनुप्रयोग करना |
| | | क्रिया की समझ के साथ प्रयोग कर पाना। | 19 | समझना |
| | | काल की समझ हो पाना। | 20 | समझना |
| | | 'र' के विभिन्न रूपों की समझ के साथ सही प्रयोग कर पाना। | 21 | अनुप्रयोग करना |
| | **सृजनात्मक अभिव्यक्ति** | विभिन्न संसाधनों को चित्रों के साथ अभिव्यक्त कर पाना। | 1 | समझना |
| | | विविध आकृतियों को चित्रों के माध्यम से व्यक्त कर पाना एवं रंग संयोजन कर पाना। | 2 | अनुप्रयोग करना |
| | | विविध विधाओं/पहेलियों को चित्रों के माध्यम से अभिव्यक्त कर पाना। | 3 | समझना |
| | | किसी विषयवस्तु/चित्रों आदि पर कहानी लिख पाना। | 4 | अनुप्रयोग करना |
| | | कविता आदि को पढ़कर चित्रांकन कर पाना। | 5 | समझना |
| | | पढ़ी हुई कहानी आदि का चित्रांकन कर पाना। | 6 | समझना |
| | | किसी मेले आदि को चित्रित्र कर पाना। | 7 | समझना |
| | | दी गई विषयवस्तु से संबंधित नारे / स्लोगन तैयार कर पाना। | 8 | अनुप्रयोग करना |